दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 137
कोटद्वार बुधवार
13 सितम्बर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## मातृत्व अवकाश देने पर सीएम का आभार जताया

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने विभिन्न विभागों में कार्यरत अस्थायी महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश देने पर सीएम पुष्कर धामी का आभार जताया और इसे सराहनीय फैसला बताया। अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने बताया कि आयोग ने इसके लिए 15 सितम्बर 2022 को सीएम से अनुरोध किया था, तब सीएम ने कहा था कि मैं हर मां की उस पीड़ा को समझ सकता हूं, जो उसे बच्चे के जन्म के समय होती है, जिसके लिए उसे अपने कार्यालय से छुट्टी भी नहीं मिल पाती है और नवजात की देखभाल सही से नहीं हो पाती है।

कहा कि सरकार के इस फैसले से हजारों महिला कर्मचारियों को फायदा मिलेगा।

# उत्तराखंड में सेवा क्षेत्र से 20 लाख रोजगार बढ़ेंगे

**देहरादून।** राज्य सरकार ने सर्विस सेक्टर की नई पालिसी को मंजूरी दे दी है। इसके जरिए उत्तराखंड में 20 लाख रोजगार के अवसर बढ़ाने और 10 लाख श्रमिकों का कौशल विकास का लक्ष्य रखा गया है। सचिवालय में मंगलवार दोपहर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में छह प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मुख्य सचिव डा. एसएस संधु की मौजूदगी में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि राज्य में पहली बार सर्विस सेक्टर की पालिसी को मंजूरी मिली है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, हॉस्पिटेलिटी, वेलनेस, आईटी, डेटा सेंटर, खेल व फिल्म उद्योग आदि को शामिल किया है।



**कैबिनेट के प्रमुख फैसले**

- बदरीनाथ में ऐतिहासिक कलाकृतियां बनाने को एजेंसी नामित
- काशीपुर में गैस आधारित पावर प्लांट संचालन में सीएनजी पर वैट की छूटे
- हाईकोर्ट के आदेश पर चार अपर निजी सचिवों को नियुक्ति
- पंप स्टोरेज प्लांट पालिसी को मंजूरी

औली पर्यटन क्षेत्र के रूप में होगा विकसितः सरकार ने औली को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने का निर्णय लिया है। औली में स्कीइंग डेस्टिनेशन प्लान और उसके क्रियान्वयन के लिए औली विकास प्राधिकरण का गठन किया है। किसी क्षेत्र में पर्यटन और सेवाओं में सुधार करने को समय–समय पर उत्तराखंड विशेष क्षेत्र अधिनियम के तहत राज्य सरकार विशेष पर्यटन विकास क्षेत्र घोषित करती रही है। औली सबसे लोकप्रिय स्कीइंग स्थल होने से अब वहां का व्यवस्थित विकास के साथ ही बुनियादी सुविधाएं जुटाने की तरफ सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। जोशीमठ का क्षेत्र इस प्राधिकरण से अलग रहेगा।

## मैंने खुद देखा है, हमारी एक इंच जमीन पर भी चीन का कब्जा नही–मिश्रा

**जम्मू, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के यह कहने के कुछ दिन बाद चीन ने लद्दाख में जमीन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) बीडी मिश्रा ने कहा कि उन्होंने खुद जमीन पर देखा है कि चीन ने एक वर्ग इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं किया है।लद्दाख उपराज्यपाल ने यहां आईआईटी जम्मू में नॉर्थ टेक संगोष्ठी के दौरान संवाददाताओं से कहा कि मैंने खुद देखा है कि हमारी जमीन का एक वर्ग इंच भी चीनियों के कब्जे में नहीं है। राहुल गांधी की टिप्पणी पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए उन्होंने कहा कि मैं इस तथ्य को कहूंगा कि हमारी जमीन का एक भी वर्ग इंच चीनियों के कब्जे में नहीं है और अगर कोई किसी भी दुस्साहस में शामिल हो रहा है, तो सशस्त्र बल जवाब देने के लिए तैयार हैं।

# चंद्रयान और सूर्ययान के बाद अब अगला मिशन 'समुद्रयान'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग और सौर मिशन आदित्य एल1 की लॉन्चिंग के बाद भारत का अब अगला मिशन समुद्रयान होगा। चेन्नई के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी (ठक्डळ) में इसे बनाया जा रहा है। यह एक पनडुब्बी है जिसका नाम 'मत्स्य 6000' रखा गया है। इसके जरिए 3 इंसानों को समुद्र के अंदर 6 किलोमीटर की गहराई तक भेजा जाएगा ताकि वहां के स्रोतों और जैव विविधता की स्टडी की जा सके। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के मंत्री किरेन रिजिजू ने 11 सितंबर को '' कर इस बारे में जानकारी दी।



किरेन रिजिजू ने '' करते हुए लिखा, अगला है 'सुमद्रयान'। यह चेन्नई स्थित राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान में निर्माणाधीन मत्स्य 6000 सबमर्सिबल है। भारत के पहले मानवयुक्त गहरे महासागर मिशन समुद्रयान में गहरे समुद्र के संसाधनों और जैव विविधता मूल्यांकन का अध्ययन करने के लिए एक पनडुब्बी में 6 किलोमीटर समुद्र की गहराई में 3 मनुष्यों को भेजने की योजना है। यह परियोजना समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को परेशान नहीं करेगी। डीप ओशन मिशन प्रधानमंत्री के 'ब्लू इकोनॉमी' दृष्टिकोण का समर्थन करता है। @नरेंद्र मोदी जी, और देश की आर्थिक वृद्धि, आजीविका और नौकरियों में सुधार और महासागर पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य को संरक्षित करने के लिए समुद्री संसाधनों के सतत उपयोग की परिकल्पना करता है।

बता दें कि समुद्रयान प्रोजेक्ट पूरी तरह से स्वदेशी है। मत्स्य 6000 को बनाने के लिए टाइटेनियम एलॉय का इस्तेमाल किया गया है। इसका ब्यास 2.1 मीटर है। यह 12 घंटों के लिए तीन इंसानों को समुद्र की गहराई में ले जाएगा। इसके सभी हिस्से अभी बनाए जा रहे हैं। उम्मीद है कि 2026 तक इसकी लॉन्चिंग होगी।

## गृह मंत्रालय ने सीबीआई को लालू यादव के खिलाफ केस चलाने की दी अनुमति

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** लैंड फर जब मामले में सीबीआई को गृह मंत्रालय ने लालू यादव के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दे दी है। सीबीआई ने यह जानकारी राउज एवेन्यू कोर्ट को दी। सीबीआई ने इस मामले में 3 जुलाई को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। इस चार्जशीट में पहली बार तेजस्वी यादव का नाम आया था। सीबीआई ने लालू यादव, राबड़ी देवी समेत इस मामले में 16 लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें रेलवे के आरोपी अधिकारियों और नौकरी लेने वालों के नाम भी शामिल हैं।

लैंड फर जब स्कैम का यह केस 14 साल पुराना है। उस वक्त लालू यादव रेल मंत्री थे। दावा है कि लालू यादव ने रेल मंत्री रहते हुए रेलवे में लोगों को नौकरी देने के बदले उनकी जमीन लिखवा ली थी। बताते चलें कि लालू यादव 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे थे। सीबीआई ने इस मामले में 18 मई को केस दर्ज किया था। सीबीआई के मुताबिक, लोगों को पहले रेलवे में ग्रुप डी के पदों पर सब्स्टीट्यूट के तौर पर भर्ती किया गया और जब उनके परिवार ने जमीन का सौदा किया, तब उन्हें रेगुलर कर दिया गया। सीबीआई का कहना है कि पटना में लालू यादव के परिवार ने 1.05 लाख वर्ग फीट जमीन पर कथित तौर पर कब्जा कर रखा है। इन जमीनों का सौदा नकद में हुआ था। यानी, लालू परिवार ने नकद देकर इन जमीनों को खरीदा था। सीबीआई के मुताबिक, ये जमीनें बेहद कम दामों में बेच दी गई थीं।रेलवे में नौकरी के बदले रिश्वत में जमीन लेने के आरोपों के मामले में सीबीआई जांच कर रही है।

# सीएम धामी एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने किया ननूरखेड़ा स्थित शिक्षा निदेशालय में राज्य के विद्या समीक्षा केन्द्र का लोकार्पण

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने मंगलवार को ननूरखेड़ा स्थित शिक्षा निदेशालय में राज्य के विद्या समीक्षा केन्द्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्य के 141 पी.एम.श्री विद्यालयों एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय का शिलान्यास भी किया गया। मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने राज्य में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा मेधावी छात्रवृत्ति योजना एवं मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ भी किया। कार्यक्रम में एन.डी.ए एवं आई.एम.ए में चयनित कैडेट को पुरस्कार की धनराशि भी प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज राज्य में केंद्र सरकार सहायतित "विद्या समीक्षा केन्द्र" एवं "पीएम श्री योजना" का शुभारंभ किया गया है, यह प्रदेश के लिए हर्ष का विषय है। इसके लिए उन्होंने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द प्रधान का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्या समीक्षा केंद्र विद्यालय, छात्रों एवं अध्यापकों से संबंधित सभी आंकड़ों को रियल टाइम आधार पर संकलित करेगा तथा छात्र आकलन के आधार पर शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए सभी का मार्गदर्शन करेगा। इस केंद्र में आज से अध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं की रियल टाइम ऑनलाइन उपस्थिति प्रारम्भ भी हो गई है। इस केंद्र का उपयोग शीघ्र ही शिक्षा विभाग से सम्बन्धित मानव संसाधन पोर्टल, विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के ऑनलाइन रख–रखाव, ऑनलाइन स्थानान्तरण, ऑनलाइन नियुक्ति, ऑनलाइन मॉनिटरिंग आदि के लिए भी किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड अग्रणी राज्यों में से है, जहां केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर प्रारम्भ की गई योजनाओं को जनहित में सबसे पहले क्रियान्वित किया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का शुभारंभ उत्तराखण्ड ने सबसे पहले किया। पीएम श्री योजना के तहत राज्य में 141 स्कूल इस योजना के अन्तर्गत विकसित किए जा रहे हैं। इसके लिए भारत सरकार द्वारा 72 करोड़ की धनराशि स्वीकृत भी की गई है। इस सहयोग के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए अनेक कार्य किये जा रहे है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य में बालिकाओं के लिए 40 कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास संचालित हैं, जिनमें सभी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं।



केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विद्या समीक्षा केन्द्र के गुजरात मॉडल को लागू करने वाला पहला राज्य उत्तराखण्ड है। जिसमें अभी 05 हजार स्कूल जोड़े गये हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर–नवम्बर तक प्रदेश के सभी 22 हजार स्कूलों को सभी डाटा के साथ जोड़ने के अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

## मणिपुर में आतंकवादियों ने 3 आदिवासियों की गोली मारकर हत्या की

**इंफाल ,(एजेंसी)।** मणिपुर के कांगपोपकी जिले में मंगलवार को आतंकवादियों ने तीन आदिवासी लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।मणिपुर की राजधानी इंफाल में अधिकारियों ने कहा कि सशस्त्र चरमपंथियों ने इम्फाल पश्चिम और कांगपोपकी जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में इरेंग और करम के बीच गांवों पर हमला किया और तीन ग्रामीणों को मौके पर ही गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया।चरमपंथी सुबह-सुबह एक वाहन में आदिवासी बहुल गांवों में आए और सुरक्षा बलों के पहुंचने से पहले चले गए। घटना के विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। 8 और 9 सितंबर को तेंग्नौपाल जिले के पल्लेल में सुरक्षा बलों के साथ झड़प और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी में भी तीन लोग मारे गए थे।

## अगस्त में घटकर 6.83 फीसदी रह गई खुदरा महंगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी के कारण जुलाई की तुलना में अगस्त में खुदरा महंगाई घटकर 6.83 फीसदी रह गई। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई जुलाई 2022 में 7.44 फीसदी थी, जबकि यह अगस्त 2022 में 7 फीसदी रह गई। खाद्य महंगाई अगस्त में घटकर 9.94 फीसदी पर आ गई, जो जुलाई में 11.51 फीसदी थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2023–24 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई 5.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अगस्त 2023 (प्रोविजनल) के लिए आधार 2012 = 100 पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और ग्रामीण (आर), शहरी (यू) और संयुक्त (सी) के लिए संबंधित उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) जारी किया है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक देशभर (सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों) के उप–समूहों और समूहों के लिए भी जारी किए गए हैं।

# देश को बचाने के लिए किया इंडिया एलायंस का गठन, हम सब मिलकर बीजेपी को हराएंगेः पायलट

**अजमेर, एजेंसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा है कि देश को बचाने के लिए इंडिया एलायंस का गठन किया, ऐसे में कांग्रेस की देश के प्रति ज्यादा जिम्मेदारी है। सचिन पायलट आज अजमेर सर्किट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से वन–टू–वन मुलाकात करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश कि संवैधानिक संस्थाओं को चुनौती मिल रही है। ऐसी चुनौतियों को बेनकाब करना होगा। हम सब मिलकर भारतीय जनता पार्टी को हराने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कुछ मुद्दों के साथ चुनाव में आती है लेकिन अब जनता समझने लगी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा तेलंगाना में भाजपा को हराकर कांग्रेस सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि चारों राज्य के सकारात्मक चुनाव परिणाम आने पर 2024 के लोकसभा चुनाव में देश में आईएनडीआईए एलायंस की सरकार बनेगी।



सचिन पायलट ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि राजस्थान में भाजपा विपक्षी भूमिका में सदन के अंदर तथा सदन के बाहर नाकाम रही है। भाजपा की खींचतान उनका अन्दरूनी मामला है। भाजपा के लोग जनसाधारण को बरगलाने का काम करती आई है और कर रही है। ये लोग भटकाने का काम करते हैं। आक्रोश और तनाव पैदा करना, इनकी फितरत में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का परिवार संगठित है। चुनाव के दिनों में कुछ लोग आएंगे, कुछ जाएंगे। उन्होंने कांग्रेस में गुटबाजी से इंकार करते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन का मतलब सोनिया जी, राहुल जी, खड़गे जी है, सबकी प्राथमिकता चुनाव जीतने की है।

उन्होंने दावा किया कि राजस्थान में सरकार बनानी है, गुगबंदी का कोई मतलब नहीं। ..कांग्रेस और हाथ.. को चुनाव लड़ना है और सभी को एकजुटता से काम कर चुनाव जीतना है। चुनाव में मुख्यमंत्री के चेहरे के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस आलाकमान एवं विधायक दल का निर्णय सर्वमान्य होता है। अजमेर के पूर्व सांसद पायलट ने अजमेर को राज्य का महत्वपूर्ण जिला बताते हुए कहा कि यहां धरातल के कार्यकर्ताओं की भावना की चिंता करनी होगी लेकिन केवल जिताऊउम्मीदवार को ही टिकिट दिया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की आसाराम बापू की याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम बापू की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने संक्षिप्त सुनवाई के बाद कहा कि याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकता है। पीठ ने कहा कि अगर निचली अदालत द्वारा याचिकाकर्ता के दोषसिद्धि के खिलाफ अपील पर शीघ्र सुनवाई नहीं की जाती है तो वह सजा निलंबित करने के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष नई याचिका दायर कर सकता है। शीर्ष अदालत के राहत से इनकार के बाद आसाराम के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामथ ने पीठ से याचिका वापस लेने की गुहार लगाई, जिसे मंजूर कर लिया गया।

आसाराम ने जुलाई 2022 के राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील की थी।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्र को समर्पित की 90 परियोजनाएं

**जम्मू, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) से आह्वान किया कि वह अपने कामों से लोगों के दिलों को भी जोड़ें। राजनाथ सिंह ने आज यहां बीआरओ की 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2,900 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली 90 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। राजनाथ सिंह ने बिश्नाह–कौलपुर–फूलपुर रोड पर देवक ब्रिज पर आयोजित कार्यक्रम में बीआरओ की 90 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद कहा, "आपका काम केवल एक स्थान को दूसरे स्थान से जोड़ना ही नहीं बल्कि अपने कामों से लोगों के दिलों को जोड़ना भी है। निर्माणों को 'लोगों के लिए, लोगों के द्वारा और लोगों द्वारा' की भावना का प्रतिनिधित्व करना चाहिए।" उन्होंने बीआरओ से आह्वान किया कि वह स्थानीय निकायों और लोगों की जरूरतों के मुताबिक सीमावर्ती क्षेत्रों में परियोजनाओं के लिए इनपुट लेकर उन्हें शामिल करें।



उन्होंने बीआरओ को सशस्त्र बलों के 'ब्रदर (भाई)' के रूप में वर्णित किया और कहा कि अपनी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के माध्यम से वह न केवल भारत की सीमाओं को सुरक्षित कर रहा है, बल्कि दूर–दराज के क्षेत्रों के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने इन परियोजनाओं के समय पर पूरा होने का श्रेय अपने कर्मियों की कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ–साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की प्रतिबद्धता को दिया।

रक्षा मंत्री ने कहा , "हम बीआरओ के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि देश सुरक्षित रहे और सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास हो। दूर–दराज के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करना अब नए भारत की नई सामान्य बात बन गई है।" उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक 422.9 मीटर लंबा क्लास 70 आरसीसी देवक पुल रणनीतिक महत्व का है क्योंकि यह सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों को बढ़ाएगा और क्षेत्र के सामाजिक–आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा।

राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में यह भी उम्मीद जतायी कि बीआरओ जल्द ही 15,855 फीट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग शिनकुन ला सुरंग के निर्माण के साथ एक और अनूठा रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास और राष्ट्र की सुरक्षा में अमूल्य योगदान देने के लिए बीआरओ की सराहना करते हुए कहा कि यह सुरंग हिमाचल में लाहौल–स्पीति को लद्दाख में जांस्कर घाटी से जोड़ेगी और हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रभावी है, बल्कि पड़ोसी देश के साथ कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा देता है जो भारत के साथ सहयोग की भावना के साथ कार्य करता है।

उन्होंने कहा कि बीआरओ ने म्यांमार और भूटान जैसे कई देशों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का निर्माण किया है और उनके साथ शांति और सहयोग को मजबूत करने में मदद की है।

बीआरओ नागरिक और सैन्य क्षेत्रों के साथ समन्वय करके देश की सुरक्षा के लिए बुनियादी ढांचे का विकास कर रहा है। यह सहयोग सीमा बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में कई सुनहरे अध्याय लिखेगा। उन्होंने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सचेत रहने और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आधुनिक तकनीकों और प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने के लिए बीआरओ की सराहना की। उन्होंने उनसे पर्यावरण संरक्षण पर समान जोर देते हुए विकासात्मक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।



देहरादून। मुख्यमंत्री आवास में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट।

# डेंगू को लेकर स्मार्ट सिटी और नगर निगम पर साधा निशाना

देहरादून। कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने डेंगू को लेकर स्मार्ट सिटी और नगर निगम पर निशाना साधा है। डेंगू के खिलाफ चार दिन के महाभियान के जवाब में धस्माना ने मंगलवार सड़क पर उतरे। उन्होंने अपना अभियान जिलाधिकारी कार्यालय से लगी हरिद्वार रोड से शुरू किया। बकायदा इसका फेसबुक लाइव कर बताया कि शहर में डेंगू खुदे हुए नालों की वजह से फैल रहा है। दोपहर साढ़े 12 बजे धस्माना कचहरी की चाहरदीवारी से लगी हरिद्वार रोड पर पहुंचे। यहां उन्होंने लोगों से बात की और खुदे हुए नालों में जमा पानी की हकीकत बताई।

धस्माना ने बताया कि मिठाई की दुकान के संचालक रविन्द्र गुप्ता ने उन्हें गताया कि पिछले चार महीने से नाला खुदा पड़ा है। पानी और कीचड़ से भरे खुदे नाले में मच्छर पनप रहे हैं। वह कई बार पीडब्ल्यूडी, नगर निगम और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, कोई सुनवाई नहीं हुई। धस्माना के मुताबिक दुकान में काम करने वाले तीन कारीगरों को डेंगू भी हो चुका है। उनका कहना है कि एक महीने पहले ही वह दून अस्पताल का दौर कर स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम व जिला प्रशासन को चेता चुके थे, बावजूद इसके कोई कदम नहीं उठाए गए और आज पूरा शहर में डेंगू फैला हुआ है। धस्माना के साथ पूर्व नगर निगम पार्षद ललित भदरी, निहाल सिंह और अनुज दत्त शर्मा भी शामिल रहे।

# विकास में पत्रकारों के सुझाव निभाते है अहम भूमिका : डीएम

नई टिहरी : प्रेस क्लब नई टिहरी के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए डीएम मयूर दीक्षित ने कहा कि पत्रकार निर्भीकता से समाज को बेहतर दिशा देने का काम करें। पत्रकारों के दिए गये सकारात्मक सुझावों पर प्रशासन जनपद के विकास को आगे बढ़ाने का काम पूरी तत्परता से करेगा। मंगलवार को डीएम दीक्षित प्रेस क्लब के आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रेस क्लब की ओर अध्यक्ष गंगा थपलियाल, महामंत्री अनुराग उनियाल व कोषाध्यक्ष मुनेंद्र नेगी ने डीएम का फूलमालाओं से स्वागत किया। जबकि वरिष्ठ पत्रकारों में देवेंद्र दुमोगा, गोविंद विष्ट, गोविंद पुंडीर, विक्रम सिंह विष्ट आदि ने डीएम का शाल ओढ़ाकर व बुके भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दीक्षित ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में जनपद के विकास कामों पर चर्चा करते हुए कहा कि जनपद के विकास में सभी घटकों की भूमिका अहम है। विकास को लेकर पत्रकारों की भूमिका पर डीएम दीक्षित ने कहा कि इसमें कोई दोराय नहीं है। विकास में पत्रकारों के सुझाव अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए पत्रकार अपनी भूमिका को निर्भीकता से रखें, पत्रकारों के साथ जनपद के विकास में कदम से कदम मिलाकर प्रशासन काम करेगा। इस मौके पर एडीआईओ भजनी भंडारी, सुर्या रमोला, अंकित मित्तल, मुकेश रतूड़ी, विजय दास, रोशन थपलियाल, मुकेश नैथानी सहित दर्जनों मौजूद रहे।

## विस्थापितों को भूमिधरी के अधिकारी की उम्मीद जगी

हरिद्वार। टिहरी विस्थापितों को जमीनों के मालिकाना हक मिलने की आस जागी है। वन टोंगिया लोगों को भूमिधरी का अधिकार देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पथरी में बसे टिहरी बांध विस्थापितों ने सरकार से भूमिधरी का अधिकार (जमीनों का मालिकाना हक) और मूलभूत सुविधाएं देने की मांग की थी। टिहरी विस्थापित क्षेत्र पथरी के ग्राम टिहरी डोब नगर व आदर्श टिहरी नगर मे भूमिधरी अधिकार के संबंध में डीजीपीएस सिस्टम से सर्वे शुरू कर दिया गया है। 23 अगस्त को जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे हरिद्वार में वन विभाग, राजस्व विभाग और पुनर्वास विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई थी। ब्लाक प्रमुख बहादराबाद आशा नेगी ने इस संबंध में पत्र लिखा था।

# राज्यपाल ने किया इक्फाई विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रतिभाग







देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को इक्फाई(क्डाअक) विश्वविद्यालय, देहरादून के 10वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। दीक्षांत समारोह में उन्होंने उत्तीर्ण हुए 586 छात्र–छात्राओं को डिग्रियां एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 28छात्र–छात्राओं को मेडल प्रदान किए। अपने संबोधन में राज्यपाल ने पासआउट हुए छात्रों को बधाई एवं उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति हमारी सबसे बड़ी ताकत है। दुनिया में सबसे अधिक युवा शक्ति हमारे देश में हैं। युवाओं को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए सर्वश्रेष्ठ भारत के निर्माण में अपना अहम योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के इस दौर में युवाओं की सफलताएं देश एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली हैं।

राज्यपाल ने छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि समाज में वंचितों एवं पिछड़े वर्ग के लोगों की हमेशा सहायता करें। समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। आप सभी छात्र एक नेतृत्वकर्ता के रूप में अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। आप सभी के संकल्प इस प्रकार हों जो देश की प्रगति और खुशहाली के काम आ सके। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान विकास के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

दीक्षांत समारोह में इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. उदय बी देसाई ने सभी डिग्रीधारकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन हम सभी के सामने गंभीर चुनौती है जिसके खतरों से निपटने के लिए सभी को गंभीरता से विचार किए जाने की जरूरत है। कुलपति डॉ. रामकरन सिंह ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. आर सी रमोला ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक व छात्र–छात्राएं उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### पीटीए संघ के अध्यक्ष बनें महिपाल रावत

चमोली : राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक में नवीन कार्यकारिणी का सत्र 2023-24 के लिए गठन किया गया। नवर्निवाचित कार्यकारिणी में महिपाल सिंह रावत अध्यक्ष, त्रिलोक सिंह पिमोली उपाध्यक्ष, खिलाफ सिंह बिष्ट कोषाध्यक्ष एवं विमला देवी को उपमंत्री चुना गया। इस अवसर पर निवर्तमान कार्यकारिणी के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि अब प्रत्येक माह पीटीएम आयोजित की जाएगी तथा प्रत्येक अभिभावक सजग रहकर अपने पाल्यों की उपस्थिति, पठन पाठन एवं शैक्षणिक निष्पादन की नियमित जानकारी लेता रहे तो शिक्षण प्रक्रिया अधिक प्रयोजनमूलक तथा कुशल सिद्ध होगी। प्राध्यापक शंकर राम द्वारा छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर कुलानुशासक डॉ. प्रतिभा आर्य, डॉ. नीतू पाण्डे, रजनीश कुमार, डॉ. पुष्पारानी, सुनील कुमार, डॉ. संतोष पन्त सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे। (एजेंसी)

### सिमली बेस अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने की उठाई मांग

चमोली : नगर पालिका के सिमली में संचालित महिला बेस अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाए जाने की मांग स्थानीय ग्रामीणों ने की है। जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी को भेजे ज्ञापन में लोगों ने कहा कि अस्पताल संचालन के नाम पर सरकार ने महज कुछ चिकित्सक व्यवस्था पर भेजे हैं। लेकिन यहां जांच के लिए लैब तक नहीं है।

ऐसे में अस्पताल संचालन महज खानापूर्ति बनकर रह गया है। सामाजिक कार्यकर्ता महेश डिमरी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में भेजे ज्ञापन में कहा कि सिमली बेस अस्पताल एक्सरे मशीन लगाई गई लेकिन संचालन के लिए स्टॉफ नहीं है। यहां न तो पैथोलॉजी लैब है और न अल्ट्रासाउंड सहित अन्य उपयोगी जांच की मशीनें।

# पैक्स कम्प्यूटराईजेशन तथा रिकांउशिलेशन कार्यो को 1माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएः डीएम



देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनपद की पैक्स कम्प्यूटराईजेशन के लिए केन्द्र प्रायोजित परियोजना हेतु जिला स्तरीय कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण समिति (डीएल आईएमसी) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पैक्स कम्प्यूटराईजेशन तथा रिकांउशिलेशन कायो को 01 माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाए तथा इसके लिए रणनीति बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

समिति के संयोजक/महाप्रबन्धक जिला सहाकारी बैंक ने अवगत कराया कि जनपद में 39 समितियां है, जिनमें से 18 समितियों की डेएन्ड की प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समितियों के कम्प्यूटराईजेशन एवं रिकांउसिलेशन कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करें इस कार्य में आने वाली बाधाओं को दूर करते हुए कार्यों को पूर्ण करें।बैठक में जिला सहायक निबन्धक सुमन कुमार, डीडीएम नाबार्ड पुनीत कुमार, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन के प्रभारी राम रावत, विपिन कुमार, अर्जुन गिरी आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। नाबालिग को प्रेम प्रसंग के झांसे में भगाने के आरोपी को प्रेमनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसओ प्रेमनगर पीडी भट्ट ने बताया कि आठ सितंबर को पीड़िता के पिता ने केस दर्ज कराया। कहा कि उनकी 17 वर्षीय बेटी बिना बताए कहीं चली गई है। पुलिस ने लापता होने का केस दर्ज कर जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि मंगलवार को लड़की को नंदा चौकी क्षेत्र से सचिन कुमार मूल निवासी बंतीखेड़ा, थाना बाबरी, शामली, यूपी हाल निवासी नंदा की चौकी के साथ बरामद किया गया। पूछताछ में पता लगा कि आरोपी ने प्रेम प्रसंग के चलते उसे अपने पास बुला लिया था।

# पति का इंतजार कर रही महिला से छेड़छाड़

देहरादून। मोरोवाला में सड़क किनारे पति का इंतजार कर रही महिला संग वहां से गुजर रहे सिक्योरिटी गार्ड ने छेड़छाड़ कर दी। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने धक्का देकर नाले में गिरा दिया। इसके बाद उन पर पत्थर से हमला बोल दिया। गंभीर घायल महिला का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने आरोपी मनचले को गिरफ्तार कर लिया।

एसओ क्लेमनटाउन शिशुपाल राणा ने बताया कि घटना सोमवार रात की है। मानव केंद्र मोरोवाला के पास एक महिला अपने पति का इंतजार कर रही थी। महिला के पति जब तक पहुंचते, इस बीच सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने वाला राकेश कुमार (23) निवासी खरसाली, कर्णप्रयाग जिला चमोली हाल निवासी मोहब्बेवाला वहां से गुजर रहा था। उसने महिला को अंधेरे में अकेले खड़े देखा। इसका फायदा उठाते हुए उसने महिला से छेड़छाड़ की कोशिश की। महिला को छुआ तो विरोध में महिला चिल्लाई। आरोपी ने महिला को धक्का देकर नाले में गिरा दिया।

इसके बाद आरोपी ने महिला पर पत्थर से हमला बोल दिया। आसपास के लोगों ने देखा तो आरोपी को पकड़ लिय गया। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी हिरासत में ले लिया। महिला के पति ने तहरीर दी तो पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## अस्पताल में उपचार को गई नाबालिग से डाक्टर ने की छेड़छाड़

देहरादून। पेट में दर्द होने पर अस्पताल में उपचार के गई 14 साल की किशोरी से डाक्टर ने छेड़छाड़ कर दी।

किशोरी को वह अकेले एक कमरे में लेकर गया। बाहर आने पर उसने कमरे में ले जाने वाले डाक्टर से उपचार कराने को मना कर दिया। लड़की के पिता ने डाक्टर के खिलाफ डालनवाला थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनपुर चौकी इंचार्ज देवेश खुगशाल ने बताया कि घटना ईसी रोड पर इंदर रोड स्थित निजी अस्पताल की है। रविवार रात एक 14 वर्षीय किशोरी के पेट में तेज दर्द उठा। बच्ची के पिता उपचार के लिए उसे अस्पताल लेकर गए। वहां डाक्टर संतोष ने बच्ची को देखा। आरोप है कि डाक्टर देखने के बहाने बच्ची को अकेले एक कमरे में लेकर गया। करीब 15 मिनट बाद कमरे से लेकर बाहर आया। इस दौरान बच्ची ने अपने पिता से कहा कि वह इस डाक्टर से उपचार नहीं कराएगी। तब उसने बताया कि डाक्टर ने अंदर ले जाकर उसके साथ गलत हरकत की। निजी अंगों को छुआ। बच्ची के पिता ने विरोध किया। अस्पताल प्रबंधन के लोग इकट्ठा हुए।

## पतंजलि का अनुसंधान किसानों की आय बढ़ाने का काम कर रहाः आचार्य

हरिद्वार। पतंजलि के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि कृषि का डिजिटलीकरण करने के लिए भारत सरकार प्रयासरत है। पतंजलि ने हरित क्रांति और अन्नदाता ऐप विकसित किया है। पतंजलि का अनुसंधान किसानों की आय बढ़ाने के लिए काम कर रहा है।

पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों की टीम लगातार कृषि को उन्नत बनाने के लिए प्रयासरत है। पतंजलि आईटी की टीम कृषि को सरल बनाने के लिए संकल्पित है।

# ग्रामीण डाक सेवकों ने लगाया सौतेले व्यवहार करने का आरोप




देहरादून। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ उत्तराखंड परिमंडल से जुड़े डाक सेवकों ने डाक विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर एक दिवसीय धरना दिया। डाक सेवकों ने विभाग पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। मंगलवार को डाक सेवक घंटाघर स्थित परिमंडल कार्यालय परसिर में एकत्र हुए। यहां डाक विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर धरना दिया।

आरोप लगाया कि विभाग डाक सेवकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। डाक सेवक दूरस्थ गांवों तक सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन आज भी डाक सेवकों को न तो विभागीय सुविधाएं मिल रही है और ना ही उनका नियमितिकरण किया जा रहा है। जिससे डाक सेवकों में आक्रोश है। डाक सेवकों ने सरकारी कर्मचारी का दर्जा देकर पेंशन का लाभ देने, कार्य अवधि पांच घंटे से बढ़ाकर आठ घंटे करने, समय पर पदोन्नति देने, समूह बीमा राशि को पांच लाख तक बढ़ाने, ग्रेच्युटी को डेढ़ लाख से पांच लाख बढ़ाने समेत दस सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग की है।

# निजी शिक्षण संस्थान केंद्रीय विवि से नाता तोड़ने को तैयार

देहरादून। केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की वजह से परेशान रहे राज्य के प्राइवेट शैक्षिक संस्थान एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय से नाता तोड़ने को तैयार हो गए।

मंगलवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात के दौरान एसोसिएशन ऑफ सेल्फ फाइनेंसड इंस्टीट्यूटस ने राज्य विश्वविद्यालयों से जुड़ने पर सहमति दे दी। लेकिन एक शर्त यह जोड़ी हैकि सभी संस्थानों को राज्य विवि में सीधे संबद्धता दी जाए। मंगलवार दोपहर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से ननूरखेड़ा में मुलाकात कर अपनी पीड़ा रखी। उन्होंने कहा कि सीयूईटी की वजह से हजारों छात्रों को एडमिशन नहीं मिल पाए। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय विवि की व्यवस्था में छूट पर सहमति नहीं दी। लेकिन यह सुझाव दिया कि प्राइवेट शिक्षण संस्थान चाहे तो वो राज्य विवि से संबद्धता ले सकते हैं। यह ज्यादा बेहतर होगा। इस पर ऐसोसिएशन ने हामी भर दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुनील अग्रवाल ने कहा कि यदि राज्य विवि सभी शिक्षण संस्थानों को सीधा संबद्धता देने को तैयार हो तो तत्काल प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। वर्तमान में करीब 70 शिक्षण संस्थान ही केंद्रीय विवि से संबद्ध हैं। इनमें ज्यादातर कालेज 15 वर्ष से ज्यादा पुराने हैं। इसलिए बिना औपचारिकताओं के सभी कॉलेजों को राज्य विश्वविद्यालय में सीधे ट्रांसफर की व्यवस्था होनी चाहिए।इस दौरान वहां मौजूद उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने एसोसिएशन को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगौली को संबद्धता की व्यवस्था बनाने के निर्देश भी दिए। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल में गुरदेव सिंह वारने, अजय जसोला, अंबरीश कुमार गर्ग, निशांत थपलियाल, अनिल तोमर, रामकुमार शर्मा, सौरभ शर्मा, हरीश अरोड़ा, आदि शामिल रहे।

**शोध छात्रों की फेलोशिप 15 हजार की जाएः छात्र**

देहरादून। एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विवि छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने भी केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मुलाकात की। उन्होंने छात्रों की विभिन्न मांगों को रखते हुए नॉन नेट पीएचडी के शोध छात्रों की फेलोशिप बढ़ाकर 15000 रुपए प्रति महीना करने की मांग की।

## पता पूछने के बहाने महिला के गले से चेन झपटी

हरिद्वार। पता पूछने के बहाने घर के बाहर मौजूद एक महिला के गले से सोने की चेन झपटकर आरोपी फरार हो गए। रानीपुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए जल्द ही घटना के खुलासे का दावा किया है। घटना क्षेत्र की गंगानगरी कालोनी में घटित हुई। पीड़िता शांति देवी पत्नी प्रमोद कुमार पाठक ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह अपने घर के बाहर मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक उसके पास आया। युवक ने एक पता पूछने के बहाने उससे बातचीत शुरू कर दी।

## कार्यशाला में शोधकर्ताओं को एसपीएसएस सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि के योग विज्ञान विभाग में कार्यशाला में शोधकर्ताओं को एसपीएसएस सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया गया। लखनऊविश्वविद्यालय के प्रो. शैलेश कौशल ने बताया कि एसपीएसएस सॉफ्टवेयर का प्रयोग शोध कार्यों में डेटा विश्लेषण और आँकड़ों के प्रस्तुतीकरण के लिए किया जाता है। यह एक महत्वपूर्ण और उपयोगी टूल है। जो शोधकर्ताओं को उनके अनुसंधान के परिणामों को सही और व्यवस्थित तरीके से प्रस्तुत करने में मदद करता है। बताया कि कार्यशाला के माध्यम से शोधकर्ता अपने अनुसंधान परियोजनाओं में एसपीएसएस का सही तरीके से उपयोग करके डेटा का विश्लेषण करने और प्राथमिक और द्विगुणित विश्लेषण को प्रस्तुत करने की क्षमता अर्जित कर सकते हैं। कार्यशाला के संयोजक डॉ. ऊधम सिंह ने कहा कि इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से बड़ी गणनाएं की जा सकती हैं। शोधकर्ता इस सत्र के उपरांत अपने शोध क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और उत्साह से काम कर सकते हैं, तकनीकी रूप से सक्षम होने की दशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सभी प्रतिभागियों की अनुसंधान क्षमता को बढ़ावा देगा।

# बीस सितंबर को बंद रहेगा कोटद्वार, कमेटी हुई गठित

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर बीस सितंबर को होने वाले चक्का जाम को लेकर कमेटी का गठन किया गया है। आंदोलन को सफल बनाने के लिए कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति को कई समितियों व संगठनों ने अपना समर्थन दिया।

कोटद्वार भाबर को ब्रिटिश काल और राज्य गठन से पूर्व उपलब्ध कण्डी रोड पर यातायात, मसूरी एक्सप्रेस और सीवर ट्रीटमेंट, मोटर नगर आदि जन समस्याओं को लेकर कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति की ओर से कोटद्वार चक्काजाम का निर्णय लिया गया है। कोटद्वार बंद व चक्काजाम लिए कोर कमेटी के साथ-साथ सेक्टर संयोजक भी नियुक्त किए गए है। समिति की बैठक के बारे में समिति के संयोजक नागेन्द्र उनियाल ने कहा कि कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति द्वारा आहूत कोटद्वार बंद एवं चक्काजाम को व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। सर्वप्रथम संघर्ष समिति के संयोजक नागेन्द्र उनियाल ने कार्यक्रम की विवेचना बिन्दुवार की जिस पर सबने अपनी सहमति व्यक्त की। इस दौरान राकेश अग्रवाल ने सेक्टरवार संयोजक नियुक्त करने का सुझाव दिया। से.नि. डी.एफ.ओ. धीरज बछवाण ने मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जाने की मांग की व वन नियमों की सामान्य जानकारी दी। रमेश खंतवाल ने मसूरी एक्सप्रेस की उपयोगिता बताई व मेडिकल कॉलेज की भी आवश्यकता बताई। महेन्द्र रावत ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार–प्रसार पर बल दिया। उन्होंने अपने संगठन के माध्यम से 15 सितम्बर से यह कार्य प्रारम्भ करने का वचन दिया। गोविन्द डंडरियाल ने सभी पार्षदों को विश्वास में लेते हुए हर स्थान पर बैनर लगाने का सुझाव दिया। विकास आर्य ने सुझाव दिया कि प्रचार सामग्री तैयार करें तथा एक मुख्य स्थान पर बैठकर प्रसार का कार्य करें। जगमोहन सिंह नेगी का सुझाव है कि तमाम बसो पर पम्पलेट चिपकाये जाये, जिससे कोटद्वार से बाहर के लोगों को भी यह जानकारी हो सके और वे इस तिथि को बाहरी व्यक्ति यहां आने का प्रोग्राम स्थगित कर सकें। जयवीर सिंह से.नि. प्रधानाचार्य ने सुझाव दिया कि प्राइवेट विद्यालयो को व सरकारी विद्यालयों के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी को 20 तारीख से कुछ दिन पूर्व सूचना दे दी जाय और तहसील में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न किया जाय। आगामी 20 सितम्बर को आहूत बन्द और चक्काजाम को सफल बनाने की रणनीति के लिए कोर कमेटी व सेक्टर कमेटी बनाई गई है।

### यह लोग हैं कोर कमेटी में

1– पी.एल. खंतवाल
2– आनन्द प्रकाश आर्य
3– गोविन्द डंडरियाल
4– राजेन्द्र पंत किशनपुर सेक्टर
5– डी.डी. बछवाण
6– जयवीर सिंह रावत
7– चन्द्र प्रकाश नैथानी सिम्मलचैड़ सेक्टर
8– नागेन्द्र उनियाल
9– विकास आर्य
10– राजेन्द्र सिंह नेगी कोटद्वार बाजार सेक्टर
11– सी.पी. डोबरियाल
12– सुधीर महेन्द्र सिंह रावत सिम्मलचैड़ सेक्टर
13– रिपुदमन सिंह बिष्ट रतनपुर सेक्टर
14– विनोद नेगी
15– चित्रमणी देवलियाल सिम्मलचैड़ सेक्टर

# लकड़ीपड़ाव व गाड़ीघाट में फैले अतिक्रमण को खाली करवाएगा रेलवे

## रेलवे विभाग ने अतिक्रमण को खाली करवाने के लिए प्रशासन से मांगा सहयोग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की ओर से की जा रही कार्रवाई के बाद अब रेलवे की भी नींद खुल चुकी है। रेलवे विभाग ने लकड़ीपड़ाव व गाड़ीघाट क्षेत्र में अपनी भूमि पर बने अतिक्रमण को खाली करवाने के लिए प्रशासन से सहयोग की अपील की है। उम्मीद है जल्द ही अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। वर्तमान में रेलवे विभाग ने 14 अतिक्रमणों को चिन्हित किया है।

वर्तमान में उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रशासन की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कुछ सप्ताह पूर्व प्रशासन ने झंडाचौक चौराहे से कोतवाली तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगम की नजूल भूमि पर बने अवैध अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त करवाया था। यही नहीं प्रशासन ने गोखले मार्ग पर भी अतिक्रमण चिन्हित किया था। प्रशासन की कार्रवाई के बाद कई व्यापारी स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटाने में जुटे हुए हैं। ऐसे में अब रेलवे विभाग ने भी अतिक्रमण को लेकर सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। रेलवे ने लकड़ीपड़ाव व गाड़ीघाट रोड पर 14 अतिक्रमण चिन्हित किए हैं। अतिक्रमण को ध्वस्त करने के लिए रेलवे विभाग की ओर से प्रशासन को पत्र भेजा गया है। जिसमें भूमि खाली करवाने के लिए सहयोग की अपील की गई है। उम्मीद है जल्द ही प्रशासन व रेलवे विभाग संयुक्त रूप से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है।

### निगम ने भी रेलवे की भूमि पर कब्जा कर बनाया रैन बसेरा

कोटद्वार नगर निगम अपनी भूमि से अतिक्रमण हटा रहा है। लेकिन, इसके उलट नगर निगम ने स्वयं रेलवे की भूमि पर अवैध कब्जा कर रैन बसेरा निर्माण करवा दिया। रेलवे की ओर से जारी अतिक्रमणकारियों की लिस्ट में सबसे ऊपर नगर निगम का ही नाम है। मालूम हो कि नगर निगम की बोर्ड बैठक में रैन-बसेरा प्रस्तावित हुआ था, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर था। इसी दौरान कोटद्वार रेलवे विभाग ने नगर निगम द्वारा निर्माणाधीन भवन जिस भूमि पर बन रहा है उसे अपना बता दिया था। रेलवे विभाग नजीबाबाद के टेक्नोलॉजी विभाग ने नगर निगम को नोटिस देकर उक्त भूमि पर रेलवे विभाग का दावा किया था। उक्त रैन-बसेरे को बनाने के लिए नगर निगम ने 85 लाख रुपये खर्च कर दिए थे।



कोटद्वार नगर निगम की ओर से गाड़ीघाट में रेलवे की भूमि पर बनाया जा रहा रेन बसेरा

# आपदा पीड़ितों की अनदेखी पर महापौर व पूर्व काबीना मंत्री ने जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नगर निगम महापौर हेमलता नेगी और पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने मंगलवार को कुंभीचौड़ क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल व्यवस्था ठप होने से परेशान जनता से मुलाकात की।

महापौर ने कहा कि खोह नदी पर लेफ्ट और राइट नहर बंद हो जाने के कारण लालपानी क्षेत्र और सुखरौ पट्टी की फसलें सूखने की कगार पर हैं, जिससे क्षेत्रवासियों के सम्मुख भुखमरी जैसी स्थिति पैदा हो गई है। साथ ही खोह नदी पर बने पुल की अप्रोच रोड बह जाने से जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है। समय से प्रभावितों को मदद नहीं पहुंचने पर उन्होंने रोष व्यक्त किया। पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि 23 अगस्त को मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री को पूरी स्थिति का जायजा लेने के बाद अवगत करा दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

उन्होंने मौके से ही शासन-प्रशासन के अधिकारियों से दूरभाष पर बात करते हुए खोह नदी में लेफ्ट और राइट नहर पर सिंचाई की वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पंपों द्वारा पानी चलाने की बात कही।

इस पर प्रशासन की ओर से सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता को भेजकर पंपिंग व्यवस्था कराने का भरोसा दिलाया गया। मौके पर पार्षद अनिल रावत, हरीश नेगी, ऊषा चौहान, पान सिंह रावत, कुलवंत पुंडीर, विकास रावत, हरेंद्र सिंह नेगी, ईश्वर सिंह, भोपाल सिंह अधिकारी, माया बिष्ट, रोशनी देवी, संतोषी देवी, पूनम नेगी, प्रकाश लखेड़ा आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में आपदा प्रभावितों की समस्या सुनते महापौर हेमलता नेगी व पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी

# मांस विक्रेताओं के खिलाफ हो कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : आमपड़ाव, जयानंद भारतीय मार्ग व जौनपुर के लोगों ने मीट मार्केट में मांस का कार्य करने वालों पर गंदगी फैलाने का अरोप लगाया है। लोगों ने मांस विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को एनके अग्रवाल, रोहिताश कुमार, कमल कुमार, विनोदी लाल तहसील में पहुंचे। उन्होंने समस्या से उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को अवगत करवाया। उनका कहना है कि वर्तमान में आमपड़ाव के चर्च रोड पर मांस की दुकानें खुल गई है। कई दुकानें तो बगैर लाइसेंस के ही संचालित हो रही है। मांस की दुकानों से चारों तरफ गंदगी का अंबार पसरा हुआ है। मीट मार्केट के मीट विक्रेता अपनी दुकानों में ही मांस काटते है, जिससे खून नालियों में बहता रहता है। मांस के टुकड़ों को भी नालियों में फेंक दिया जाता है। जिस कारण सड़ांध फैली रहती है। कहा कि मीट मार्केट में पहले से ही मीट की छह दुकानें संचालित हो रही है। लेकिन अब कई अन्य ने भी दुकानें खोल दी हैं, जिससे चारों तरफ गंदगी का अंबार पसरा हुआ है। वार्डवासियों ने बगैर लाइसेंस की संचालित हो रही मीट, मुर्गा व मछली की दुकानों को तत्काल बंद करने की मांग की है।

# बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं, नियमों का पालन जरूरी




आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार:** यातायात पुलिस की ओर से बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल पदमपुर के विद्यार्थियों को यातायात का पाठ पढ़ाया गया। इस दौरान पुलिस ने जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

आयोजित कार्यशाला में यातायात निरीक्षक शिव कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात के संबंध में जानकारी दी। कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन ही सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण है। आमजन को वाहन चलाने से पूर्व नियमों के बारे में अच्छी तरह जानकारी ले लेनी चाहिए। दोपहिया वाहन चलाने के दौरान अवश्य हेल्मेट का उपयोग करें। वाहनों को अधिक रफ्तार पर न चलाएं। पुलिस ने कार्यशाला में मिलने वाली जानकारी को अभिभावकों को भी देने की अपील की। कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यातायात अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाती है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत, यातायात उपनिरीक्षक रामकरण सिंह, संतोष कुमार, कुणाल रावत, सतपाल, रोहित सैनी, अमनदीप, मनमोहन आदि मौजूद रहे।

# आपदा पीड़ितों का फूटा गुस्सा, किया प्रदर्शन

**कोटद्वार** : आपदा से बेघर हुए परिवारों का प्रशासन पर गुस्सा फूट पड़ा। पीड़ितों ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उनके पुनर्वास की मांग उठाई। कहा कि शिकायत के बाद भी शासन-प्रशासन उनके पुनर्वास को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा।



मंगलवार को काशीरामपुर तल्ला के आपदा प्रभावित तहसील परिसर में पहुंचे। उन्होंने अपनी समस्या से उपजिलाधिकारी को अवगत करवाया। सीता देवी, सोनी देवी, किरन, दीपा देवी, परवीन ने कहा कि अगस्त माह में विकराल बनी खोह नदी में उनके भवन ढह गए। इसके बाद से वह सड़कों पर अपना जीवन व्यापन कर रहे हैं। लेकिन, शासन-प्रशासन उनकी समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। गर्मी व पूरे बरसात में अपने छोटे बच्चों के साथ सड़कों पर खुले आसमान में रह रहे हैं। खुले आसमान में रहने से उन्हें मच्छर काट रहे हैं। जिससे कई लोगों को तेज बुखार की शिकायत हो गई है। कई लोग डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया की चपेट में आ गए है। पीड़ितों ने प्रशासन से बेघरों के शीघ्र ही पुनर्वास की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। कहा कि यदि जल्द उनकी समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो वह आंदोलन को मजबूर होंगे।

# नशीला पदार्थ पिलाकर लूट में शामिल फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नशीला पदार्थ मिलाकर चालक से ई-रिक्शा लूटने वाले एक फरार ईनामी आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एक आरोपी को पूर्व में ही जेल हो चुकी है।

एक मई को मीट मार्केट निवासी मनोज सिंह ने बाजार चौकी में तहरीर दी थी। जिसमें उसने बताया था कि उसके पिता कमल सिंह शहर में ई–रिक्शा चलाते हैं। लेकिन, दो दिन से वह घर वापस नहीं लौटे हैं। तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ई–रिक्शा चालक की तलाश शुरू कर दी थी। जांच में ई–रिक्शा चालक के मोबाइल की लोकेशन कौडिया चैक पोस्ट से आगे उत्तर प्रदेश क्षेत्र के जंगल में मिली। इसके बाद पुलिस की एक विशेष टीम जंगल में चालक की खोज के लिए भेजी गई। जिसके बाद चालक कमल सिंह को जंगल में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। होश में आए कमल ने पुलिस को बताया था कि 30 अप्रैल को बाजार में उसे दो सवारियां मिली थी। जिसमें से एक व्यक्ति ने उसे कोल्ड–ड्रिंक पीने के लिए दी। बताया था कि कोल्ड–ड्रिक पिलाने के बाद ई–रिक्शा में सवार दोनों व्यक्ति उसे कौडिया चैक पोस्ट के पार छोड़ने की बात कहने लगे। चैक पोस्ट पार करते हुए जंगल के समीप दोनों ने उससे मारपीट की और ई–रिक्शा लूटकर फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि घटना में फरार चल रहे उत्तर प्रदेश जिला बिजनौर खानपुर निवासी उमर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि, इसका एक साथी जिला बिजनौर कीरतपुर फजलपुर हवीन उबड़ी निवासी नासिर को पूर्व में ही उसके घर से ई-रिक्शा व नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है।



कोतवाली पुलिस हिरासत में पकड़ा गया लूट का आरोपी

# बेस अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत, स्वास्थ्य सेवाओं पर खड़े हुए सवाल

- अस्पताल से हायर सेंटर ले जाने के दौरान महिला ने तोड़ा दम
- सीएमएस के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम करेगी पूरे मामले की जांच

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार:** भले ही 21वीं सदी में भारत चांद पर पहुंच गया हो। लेकिन, आज भी बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाएं आमजन के जीवन पर भारी पड़ रही है। ऐसा ही कुछ मामला राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में देखने को मिला है। जहां प्रसव के उपरांत जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। गर्भवती के पेट में दो जुड़वा बच्चे थे, जिसमें से एक का तो सुरक्षित प्रसव कर लिया गया था। बेस अस्पताल में हुई इस घटना ने कोटद्वार शहर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

पदमपुर निवासी मनीषा को प्रसव पीड़ा होने पर दो दिन पूर्व राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने गर्भवती मनीषा का बीपी सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण करवाया और उसका आपरेशन शुरू कर दिया। आपरेशन के दौरान चिकित्सकों ने मनीषा के पेट में जुड़वा बच्चों में से एक का सफल प्रसव किया गया। जबकि, दूसरे बच्चे की पेट में ही मौत हो गई थी। मृत बच्चे को भी पेट से बाहर निकालने के बाद चिकित्सकों ने महिला को गायनिक वार्ड में शिफ्ट कर दिया। लेकिन, अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। चिकित्सकों ने स्वजनों को महिला को हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। लेकिन, हायर सेंटर ले जाने के दौरान महिला की मौत हो गई। सीएमएस विजयेश भारद्वाज ने बताया कि मामले की जांच के लिए चिकित्सकों की टीम गठित की गई है।

# आपदा से बचाव के लिए आमजन का जागरूक होना जरूरी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : दमकल विभाग की ओर से ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल गाड़ीघाट में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को आपदाओं से बचाव के तरीके बताए गए। इस दौरान डेमों के माध्यम से आग पर काबू पाने के गुर भी सिखाए गए।

मंगलवार को विद्यालय परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। अग्निशमन अधिकारी रणधीर सिंह ने विद्यार्थियों को डेमो के माध्यम से आप पर काबू पाने के तरीके बताए। कहा कि कुछ महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी होने के बाद हम आसानी से आग पर काबू पा सकते हैं। कार्यशाला में विद्यार्थियों को अग्निशमन उपकरणों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अग्निशमन उपकरणों की बेहतर जानकारी होनी आवश्यक है। इससे हम आपातकाल स्थिति में इनका प्रयोग कर बड़े नुकसान को रोक सकते हैं। कहा कि आपदाओं को लेकर समाज में जागरूकता फैले इसके लिए हमें जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए।



कोटद्वार के ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल में आपदा से बचाव के तरीके सिखाते अग्निशमन कर्मी।

# टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष बने रविंद्र आनंद

देहरादून। दून राइड टैक्सी यूनियन के वार्षिक चुनाव में समाजसेवी रविंद्र आनंद को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। चुनाव सहस्त्रधारा रोड स्थित आईटी पार्क के पास हुए।

यूनियन की कार्यकारिणी में संगठन मंत्री नवीन सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष ललित सोनी, संरक्षक जोत सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष सचिन कुमार, आशीष वाधवा, नीरज मित्तल, सचिव' प्रशांत चौहान, वीरेंद्र पांडे, आशीष नेगी, मयंक शर्मा, राकेश यादव, विजय कुमार, मंत्री तरुण वर्मा, ज्ञान सिंह राणा, प्रदीप कुमार, सुमित पाल, राजेश गुप्ता, शैलेश भारद्वाज और इजहार राणा को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य सचिन कोहली, राजेश शर्मा, दीपक भट्ट, राजेश गोस्वामी, दीपू, रोहण शर्मा, अशोक मल्होत्रा चुने गए।

# पर्यावरण बचाव तथा रक्तदान का संदेश लेकर आये साइकिल यात्रा का स्वागत



रूद्रपुर। पर्यावरण बचाओ तथा रक्तदान को लेकर अनेकों महिम चल रही है। इसी कड़ी में एक और मुहिम प्रसेनजीत दास जिन्हें जोजो कुमार के नाम से भी जाना जाता है वह अपने मिशन साइकिल चलाओ पर्यावरण बचाओ और गो ग्रीन को साइकलिंग तथा साल में कम से कम दो बार रक्तदान को लेकर पूरे देश में भ्रमण करते हुए आम जनमानस को रक्तदान एवं पर्यावरण बचाने का संदेश देते 11 सितंबर को 53 दिन मे 2996 े का सफर करके रूद्रपुर पहुंचे और रूद्रपुर पहुंचने तक की यात्रा के दौरान हेल्प टू अदर्स० सोसाइटी के अध्यक्ष जगजीत सिंह गोल्डी जी से लगातार संपर्क रहा, जिनके माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष युवा पंजाबी महासभा के अध्यक्ष भारत भूषण चुग प्रसेनजीत जोजो का भव्य स्वागत किया गया जिस दौरान समाजसेवी सरदार दिलजीत सिंह, नवनीत शर्मा, अंकित मुरादिया, सरदार जसप्रीत सिंह अरविंद कन्नौजिया अंजुल त्यागी कुलवीर सिंह सहित शहर के अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे ।

## भारत लाई जा रही 9 किलो चरस के साथ दो नेपाली पकड़े

पिथौरागढ़। भारत–नेपाल सीमा से लगे दार्चुला में 9 किलो चरस के साथ दो बैतडी के युवाओं को गिरफ्तार किया गया

। दार्चुला जिले के शैल्य शिखर नगरपालिका के नयाल गांव से एक महिला व पुरुष को गिरफ्तार किया गया।

दार्चुला पुलिस कार्यालय के सूचना अधिकारी ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया बैतडी पुरच्यूडी नगरपालिका 4 भटना निवासी भावना धामी व जय बहादुर धानुक चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से 8 किलो 850 ग्राम चरस बरामद की गई है। दोनों अभियुक्त चरस भारत भेजने की तैयारी में लगे थे।

# पेयजल की मांग के लिए किया प्रदर्शन



हल्द्वानी। पेयजल की कमी से परेशान विकास नगर सेक्टर 3 कुसुमखेड़ा के निवासियों ने जल संस्थान कार्यालय में प्रदर्शन कर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। लोगों ने कहा कि पिछले 7 माह से क्षेत्र में पेयजल का संकट बना हुआ है। विभाग के द्वारा भेजे जाने वाले टैंकरों से मिले पानी से अपनी ज़रूरतें पूरी कर रहे थे। वहीं अब टैंकरों की सप्लाई भी बंद हो गई है। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मांग की गई की क्षेत्र में टैंकरों की आपूर्ति बहाल कर पेयजल का स्थाई समाधान किया जाए। इस दौरान पार्षद दीपक बिष्ट, रमेश शर्मा, हेमा देवी, विमला देवी, रमेश तिवारी, हरक सिंह मेहरा, किरण शर्मा, प्रकाश भट्ट सहित क्षेत्रीय निवासी मौजूद रहे।

# पीएचसी लालकुआं में रात्रिकालीन आपता सेवाएं शुरू करने की मांग

हल्द्वानी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं और बिंदुखत्ता में रात्रिकालीन सेवाएं शुरू किए जाने की मांग को लेकर सुराज सेवा दल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में सुराज सेवा दल के जनपद और लालकुआं विधानसभा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में रात्रि के वक्त आपात सेवाएं नहीं होने से क्षेत्रवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मरीजों को इलाज के लिए हल्द्वानी, बरेली अथवा दिल्ली ले जाना पड़ता है। ऐसे में कई गंभीर मरीजों को जान गंवानी पड़ती है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि पीएचसी लालकुआं में रात्रि में आपात सेवा के लिए महिला चिकित्सक को नियुक्त किया गया है, जो अस्पताल परिसर में बने आवासीय भवन में ही निवास करतीं हैं, लेकिन रात के वक्त आपात स्थिति में आने वाले मरीजों को चिकित्सक अटेंड नहीं करतीं हैं। जबकि वर्तमान में डेंगू, वायरल, मलेरिया, टाइफाइड आदि संक्रमक रोग क्षेत्र में लगातार पैर पसार रहे हैं। लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को कोई सुविधा नहीं मिल पा रही।

## विधायक कैड़ा ने महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य पूरा न होने पर जताई नाराजगी

हल्द्वानी। राजकीय महाविद्यालय पतलोट के भवन का निर्माण कार्य पूरा न होने पर विधायक राम सिंह कैड़ा ने नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया महाविद्यालय के भवन निर्माण कार्य के लिए चार वर्ष पूर्व शासन से 4 करोड़ स्वीकृत मिल गई थी। लेकिन तीन साल से अधिक समय होने के बाद भी अभी तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। जिस कारण विद्यार्थी इंटर कॉलेज के भवन में पढ़ने को मजबूर हैं।

## बारिश के कारण आवासीय भवन हुआ क्षतिग्रस्त

पिथौरागढ़। लगातार हो रही भारी बारिश से दारमा घाटी के ग्राम सोन में धन सिंह सोनाल का चार कमरे का आवासीय भवन भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि घटना के समय इस भवन में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। ग्राम प्रधान वीरेन्द्र दुग्ताल ने प्रशासन को सूचना दी और शीघ्र ही आकलन कर उचित मुआवजे की मांग की है। सामाजिक सरोकारों से जुड़े जीवन सौनाल ने बताया कि घटना रविवार को सायं लगभग चार से पांच बजे घटित हुई । उन्होंने बताया कि धन सिंह सोनाल कुछ दिन पूर्व अपने परिवार के साथ धारचूला रहने आए थे जिस कारण कोई जनहानि नहीं हुई।

# डीएम ने की मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा

पिथौरागढ़। मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के जनपद में क्रिान्वयन को लेकर जिलाधिकारी रीना जोशी ने समीक्षा बैठक की। जिला सभागार में हुई बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

उन्होंने क्रीड़ा विभाग के अधिकारी को योजना में प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन को लेकर खेल स्किल टेस्ट आयोजित करने को कहा। तिथि के निर्धारण एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर खण्ड शिक्षा एवं खंड विकास अधिकारियों के साथ विकासखंड स्तर पर बैठक आयोजित करने के आदेश दिए। कहा नगर निकाय स्तर पर संबंधित नगर निकायों के अधिकारियों के साथ बैठक की जाए। खेल स्किल टेस्ट में प्रतिभाग करने वाले जो बच्चे अपने स्तर से ठहरने की व्यवस्था नहीं कर पाएंगे उनके लिए ठहरने को विद्यालय भवनों का चयन करें। सफाई व्यवस्था को विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास कार्यालय से सहयोग लिया जाय।

डीएम ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना एक अच्छी योजना है, इसको सफल बनाने के लिए पूरे प्रयास किए जाएं। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत जनपद में कुल 200 खिलाडियों का चयन किया जाएगा। जिनमें 100 बालक एवं 100 बालिकाओं का चयन होगा। आयु वर्ग 14 से 17 के 25 बालक व 25 बालिका, 17 से 19 आयु वर्ग के 25 बालक व 25 बालिका , 19 से 21 वर्ष आयु वर्ग के 25 बालक व 25 बालिका खिलाड़ियों के साथ 21 से 23 वर्ष आयु वर्ग के 25 बालक व 25 बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

## एबीवीपी से जुड़कर देश और छात्रहित में काम करें

हल्द्वानी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से मंगलवार को कुमाऊंसंभाग कार्यालय में छात्र संवाद आयोजित किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं व कार्यकर्ताओं को एबीवीपी से जुड़कर देश और छात्रहित में काम करने की अपील की गई। संवाद की शुरुआत क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा और प्रांत संगठन मंत्री विक्रम फर्स्वाण ने दीप प्रज्वलन कर की। क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज ने एबीवीपी की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। इस दौरान एमबीपीजी और महिला डिग्री कॉलेज के छात्र–छात्राओं से आगामी कार्यक्रमों और छात्रसंघ चुनाव को लेकर चर्चा हुई। यहां प्रांत सह संगठन मंत्री अंकित सुंदरियाल, जिला संयोजक कौशल बिरखानी, नगर अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र पडियार, प्रांत शोध प्रमुख शिप्रा बसेरा, नगर उपाध्यक्ष अंजलि, अभिषेक लटवाल, छात्र महासंघ अध्यक्ष गौरव मठपाल, कॉलेज इकाई अध्यक्ष निश्चय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# वनराजी महिलाएं समस्याओं के समाधान को पहुंची जिला मुख्यालय

पिथौरागढ़। वनराजी समुदाय की महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ, पानी सहित अन्य समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पहुंची। किमखोला, भक्तिरवा, चिफलतरा, गाणागांव की महिलाओं ने किसान सम्मान निधि का लाभ दिए जाने की मांग की है।मंगलवार को वनराजी समुदाय की महिलाएं जिला मुख्यालय पहुंची। सीडीओ के साथ हुई बैठक में अर्पण संस्था के सदस्यों व वनराजी महिलाओं ने बताया कि जौलजीबी स्थित आधार केंद्र में कार्ड का सुधारीकरण नहीं हो रहा है जिससे महिलाओं को धारचूला या अन्य केंद्रों की दौड लगानी पड़ रही है। श्रमिक कार्ड व किसान सम्मान निधि के लिए भी वह आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। चामी के आंगनवाडी भवन बनने के बावजूद वह सुपुर्द न होने व विद्यालय के जीर्णक्षीर्ण होने से बच्चों को अध्ययन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने बलमरा जूनियर हाईस्कूल में पानी की समस्या दूर करने व जौलजीबी में प्राथमिक स्वास्थ केंद्र के निर्माण की मांग की है। इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार, कमला देवी, लीला देवी, कुंती देवी आदि मौजूद रहे।

## गुलदार दिखने से दशहत

पिथौरागढ़। जोग्यूडा थल के जंगल से लगे टोल पोस्ट में गुलदार दिखने से स्थानीय लोग दशहत में हैं। मंगलवार को ढाई बजे करीब दो गुलदार जोग्यूड़ा थल के जंगल से थल के टोल पोस्ट तक आवाजाही करते दिखे।

# मुख्यमंत्री के जन्म दिन पर होगी ओपन मैराथन

रुद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर 16 सितंबर को ओपन मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी आयु वर्गों के लोग शामिल रहेंगे।

मंगलवार को कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शशांक बिष्ट ने बैठक का आयोजन कर तैयारी की समीक्षा की। जिलाध्यक्ष बिष्ट ने बताया कि मैराथन के सफल आयोजन के लिए सभी विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों, फिटनेस एकेडमी में संपर्क किया जा रहा है। साथ ही इस मैराथन में खटीमा के आसपास क्षेत्र के प्रतिभागी भी भाग ले सकेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया की 16 सितंबर को सुबह सात बजे से केआईटीएम डिग्री कॉलेज से दौड़ शुरू कर दी जाएगी। प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में विजेता प्रथम, द्वितीय तृतीय को 5100. 3100, 2100 और छात्रा वर्ग में प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार 5100, 3100, 2100 रुपये रहेगा।



# लंबित मांगों को लेकर पूर्व सैनिक मुखर

बागेश्वर। आसाम रायफल के पूर्व सैनिकों की यहां आयोजित बैठक में लंबित मांगों को लेकर मंथन किया। तय किया कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# अतिक्रमण अभियान के विरोध में कांग्रेस ने किया जुलूस प्रदर्शन



हल्द्वानी। रामनगर में सरकार के अतिक्रमण अभियान का विरोध जारी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शहर में जुलूस प्रदर्शन किया। अतिक्रमण अभियान के नाम पर आम जनता के उत्पीड़न पर अविलंब रोक नहीं लगाए जाने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी।

अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ मंगलवार को पूर्व विधायक रणजीत रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता रामनगर में जुटे। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक रावत की अगुवाई में जुलूस प्रदर्शन शुरू किया। सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं का जुलूस वन परिसर पहुंचा। यहां सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रणजीत रावत ने कहा कि प्रदेश में 10 हजार से अधिक उद्योग बंद होने से लोग बेरोजगारी के साथ महंगाई की मार झेल रहे हैं। लेकिन इससे बेपरवाह सरकार अब अतिक्रमण के नाम पर आम जनता को उजाड़ने पर तुली हुई है। सरकार बेलगाम नौकरशाही के माध्यम से जनता पर अत्याचार करवा रही है।

## सीएमओ ने सीएचसी गंगोलीहाट से विवादित चिकित्सक व वरिष्ठ सहायक हटाए

पिथौरागढ़। सीएचसी गंगोलीहाट के विवादित चिकित्सक और वरिष्ठ सहायक को सीएमओ ने यहां से हटा दिया है।

वरिष्ठ सहायक को सीएमओ कार्यालय और चिकित्सक को महिला अस्पताल तत्काल प्रभाव से संबद्ध किया है। यहां सभी राजनीतिक, सामाजिक संगठनों के साथ ही कैमिस्ट एसोसिएशन, प्रधान संगठन ने शनिवार को इन दोनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए हटाने की मांग पर बाजार बंद कराया था। रविवार को एडीएम व सीएमओ ने यहां पहुंचकर लोगों से बातचीत की थी।

सोमवार देर शाम सीएमओ ने चिकित्सक नसीमा बानो को महिला अस्पताल व वरिष्ठ सहायक हरीश उप्रेती को सीएमओ कार्यालय संबद्ध कर दिया है।

# आस्ट्रेलिया भेजकर नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी

रुद्रपुर। विदेश भेजने और नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख ठगने का मामला सामने आया है।

पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ति ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अफसार पुत्र अनीस अहमद निवासी वार्ड सात ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि अशहर खान उर्फ आशू खान निवासी पंडरीखेड़ा ने विदेश भेजने, वीजा दिलाने और नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आशू के घर पर उसके परिजनों के सामने 10 लाख रुपये पर बात बनी। एक लाख रुपया उसी दिन नकद दिया। दो जनवरी को पासपोर्ट लेकर आशू और उसके भाई के साथ वह दिल्ली गया। दिल्ली में उसका पासपोर्ट आशू ने ले लिया। उसे दिल्ली से वापस भेज दिया। तीन जनवरी को वीजा होने की जानकारी दी। चार जनवरी को एक लाख रुपये अपने रिश्तेदार के खाते में डलवाए और अगले दिन पांच लाख रुपये नगद ले लिए। सात जनवरी को अशहर खान के कहने पर उसके पिता मो. असलम को 70 हजार रुपये नकद दिए। आस्ट्रेलिया का टिकट कराने के नाम पर फिर 20 जनवरी व 21 जनवरी को 99,500 रुपये और 99,998 रुपये अशहर के एकाउंट में डाले। इस तह आशू खान ने कुल 10 लाख रुपये ले लिए। 28 जनवरी को आशू ने वर्क वीजा के बजाय बिजनेस विजटर वीजा पकड़ा दिया। 19 मार्च को हवाई जहाज का एक टिकट भी दिया जो दिल्ली से इंडोनेशिया का था तथा होटल बुकिंग भी कराई गई। आरोप लगाया कि उसके 10 लाख रुपय हड़प करने के लिए चारों लोगों ने साजिश कर ठगी की है। कहा कि जेवर गिरवी रखकर और मकान बेचकर रकम दी थी।

आरोपी अब गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। एसएसआई हरविंदर कुमार ने बताया कि पुलिस ने अशहर उर्फ आशू खान, उसके पिता मो. असलम, भाई अहमद खां, जैबा खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# निगम के सफाई कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हल्द्वानी। वनभूलपुरा में बीते सोमवार को हुए विवाद के बाद सफाई कर्मचारियों में पार्षद के खिलाफ खासी नाराजगी है। मंगलवार को देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय से मुलाकात की। कहा कि पीड़ति सफाई नायक की शिकायत पर पुलिस ने अब तक कार्रवाई नहीं की है।

चेताया कि यदि मामले को गंभीरता से न लिया गया तो संघ आंदोलन शुरू कर देगा। संघ की ओर से नगर आयुक्त को इस दौरान ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें कहा है कि सोमवार को शाम की पाली में वार्ड–23 में सफाई नायक अमित कुमार अपने सफाई कर्मचारियों को काम बता रहे थे। इसी बीच वहां पार्षद महबूब आलम पहुंचे और सफाई नायक से अभद्र व्यवहार करने लगे। सफाई नायक द्वारा इसका विरोध करने पर पार्षद, उसके पिता और भाई ने मारपीट कर दी। सफाई नायक ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई और वनभूलपुरा थाने पहुंचे। ज्ञापन देने वालों में शाखाध्यक्ष रवि चिंडालिया, विशाल, बबलू वाल्मीकि, विजय तोमर, अनूप कुमार, चंदन बन्जारी, विशाल कुमार, रतन कुमार, राजेश भारती, रोहित मसीह, प्रमोद कुमार, श्याम बाबू, जय प्रकाश, अशोक चौधरी, दिनेश चौधरी, रामू भारती, सिद्धार्थ कुमार, विश्वास आदि शामिल रहे।

## सफाई कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : पार्षद

हल्द्वानी। वार्ड–23 के पार्षद महबूब आलम का कहना है कि वे वार्ड की सफाई व्यवस्था में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। बयान जारी कर पार्षद का कहना है कि सफाई नायक द्वारा वार्ड–23 में सफाई कार्य में लापरवाही बरती जा रही थी। जगह–जगह कूड़े के ढेर लगे हुए थे। जिससे वार्ड के लोगों में नाराजगी थी। पार्षद का आरोप है कि जब सफाई नायक से उन्होंने इसका कारण पूछा तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उन्होंने नाराजगी जताई तो सफाई नायक ने बदतमीजी कर दी और झूठा मुकदमा लिखवाया।

## रैली और नुक्कड़ नाटक से पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

हल्द्वानी। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तराखंड/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को बियरशिवा स्कूल के छात्र–छात्राओं ने जजी कोर्ट के सामने सड़क सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक और रैली आयोजित की।

तहसील विधिक सेवा समिति की सचिव/द्वितीय अपर सिविल जज अलका एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैरा लीगल वालेंटियर उमा भंडारी ने बियरशिवा स्कूल और यातायत पुलिस के साथ मिलकर लोगों को जागरूक किया। यहां प्रधानाचार्य आरएन ठाकुर, उप प्रधानाचार्य मीना सती, अध्यापिका हिमानी जोशी, डी एस गौनी, जगदीश चंद्रा, मोहन डोभाल आदि मौजूद रहे।

# डीएम अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक



पिथौरागढ़। डीएम की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक हुई। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को नदियों की स्वच्छता पर ध्यान देने के आदेश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी रीना जोशी गंगा ने समिति के अधिकारियों से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। नदियों में दूषित जल, अपशिष्ट कचरा तथा अन्य प्रकार की गंदगी प्रभावित करने पर रोक लगाने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने आईटीबीपी से एसटीपी टैंक निर्माण के संबंध में जानकारी ली। कहा कि वे सेना की तर्ज पर एसटीपी टैंक का निर्माण करें ।

जिलाधिकारी ने आईटीबीपी से आए अधिकारीयों को सेना निर्मित एसटीपी टैंक का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को जनपद के घाटों पर स्थापित शवदाह गृह की नियमित साफ सफाई करने,सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रोक लगाने, नदी,घाटों की सफाई करने व थल एवम रामगंगा नदी में नियमित सफाई अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में स्थापित डस्टबिन कूड़े के ढेर से लदे रहने पर अपनी गहरी नाराजगी जताई। समस्या के समाधान को अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को निर्देश दिए।

# मेहरबान नेगी पीटीए के अध्यक्ष तो डॉ. सेमवाल बनें सचिव



नई टिहरी : पीजी कॉलेज नई टिहरी में शिक्षक और अभिभावक संघ की बैठक में महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के बाद पीटीए संघ का गठन किया गया। जिसमें मेहरबान सिंह नेगी को अध्यक्ष, डॉ. विजय प्रकाश सेमवाल को सचिव बनाया गया।

मंगलवार को पीजी कॉलेज नई टिहरी में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष सीमा कृषाली तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी ने दीप जलाकर शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष ने शिक्षकों और अभिभावक संघ के पदाधिकारियों से महाविद्यालय में बेहत्तर शिक्षण कार्य हेतु मिलकर कार्य करने को कहा। प्राचार्य ने सभी लोगों से मिलकर कॉलेज के विकास में अपना योगदान देने की अपील की। बैठक के बाद अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मेहरबान सिंह नेगी को अध्यक्ष, भवानी राणा उपाध्यक्ष, डॉ. वीपी सेमवाल सचिव, सुरेश नेगी सह सचिव, डॉ. आशा डोभाल को कोपाध्यक्ष चुना गया।

## मैखुरी अध्यक्ष और पंवार जिला महामंत्री बने

चमोली : चमोली व्यापार मंडल की जिला कार्यकारिणी की बैठक में कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। जिसमें कर्णप्रयाग के ईश्वरी प्रसाद मैखुरी को जिलाध्यक्ष और गौचर के सुनील पंवार को जिला महामंत्री मनोनीत किया गया है।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष राकेश कुमार डिमरी ने बताया कि चमोली जिले के जिलाध्यक्ष और जिला महामंत्री पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें व्यापार संघ में विभिन्न पदों पर रहे ईश्वरी प्रसाद मैखुरी को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि गौचर के सुनील पंवार को जिला महामंत्री बनाया गया। नव निर्वाचित व्यापारी नेताओं ने प्रदेश पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि व्यापारी समस्याओं के लिए एकजुट होकर संघर्ष किया जाएगा।

# कांग्रेसियों ने सरकार को दिखाया आईना, भरे सड़कों के गड्ढे

नई टिहरी : शहर कांग्रेस कमेटी नई टिहरी जिला मुख्यालय की बदहाल सड़कों को लेकर टुटी सड़कों के गड्ढे सांकेतिक रूप से भरते हुए प्रदेश सरकार को आईना दिखाने का काम करते हुए रोष जाहिर किया। बीते कुछ समय से कांग्रेसियों ने नई टिहरी नगर की बदहाल सड़कों को लेकर संवेदनहीन विभागों को लेकर सड़कों के गड्ढे भरकर रोष जाहिर कर रहे हैं। मौहल्ले की महिलाओं ने भी बदहाल सड़कों को लेकर रोष जाहिर किया है। मंगलवार को बौराड़ी के सेक्टर 5 ए एवं टीनसेड की सड़कों पर उतरे कांग्रेसियों ने चौथे चरण का अभियान चलाते हुए सड़कों के गड्ढों का भरान स्थानीय लोगों को साथ लेकर सांकेतिक रूप से किया। मोहल्ले की महिलाओं ने इस मौके पर शामिल होकर कांग्रेसियों के बदहाल सड़कों के लिए जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों व विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जाहिर किया। शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलदीप पंवार ने कहा कि यदि सरकार शीघ्र ही सड़कों की हालत में सुधार नहीं करती है, तो आगे इन गड्ढों पर पौधे रोपने का कार्य कर जनप्रतिनिधियों का घेराव किया जाएगा। सड़कों को लेकर विभाग खानापूर्ति के लिए टेंडर निकाल रहा है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव मुसर्रफ अली एवं पीसीसी सदस्य मुर्तजा बेग ने कहा कि आये दिन इन गड्ढों की वजह से दुपहिया वाहन से गुजरने वाले स्कूली बच्चे, माताएं एवं आम नागरिक चोटिल हो रहे हैं। कभी भी कोई भी दुर्घटना हो सकती है जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन एवं सरकार की होगी। कहा कि सड़कों के पैच भरान के बाद कुछ माह बाद ही सड़कें बदहाल हुई हैं। इसकी जांच होनी चाहिए। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप पंवार, प्रदेश सचिव मुशर्रफ अली, मुर्तजा बेग, सलीम खान, नफीस खान, जुनेद खान, इमरान खान, अनीस, सरताज, रेनू पंवार, बिरेंद दत्त, बलबीर कोहली, गब्बर सिंह रावत, सायरा अली, अफसाना, समीना, नजमा, इमराना, सानिया, आरजू, तबुसुम, सानिया,अफसाना, जमीर, लखवीर चौहान, मोहित रावत, सहजात अली, महिपाल सिंह, मनीष पंत, रोशन नौटियाल, विनोद सेमवाल, आदित्य नौटियाल, राशिका राणा, गोदावरी देवी, उषा गोदियाल, रीना, परवीन, गीता चमोली, मरजीना, सविता पंवार आदि मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

नई टिहरी : नई टिहरी में पहली बार क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन को लेकर विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग तैयारियों में जुटे हैं। सोमवार 25 सितंबर से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय वैदिक सम्मेलन में चतुर्वेद पारायण व्याख्यान सत्र, गंगा आरती, संध्या भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम संपन्न होंगे। तीन दिवसीय वैदिक सम्मेलन का आयोजन नई टिहरी स्थित रामलीला भवन में संपन्न होगा। सम्मेलन संयोजक पंड़ित राजेन्द्र प्रसाद चमोली ने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन पूर्व सीएम व सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, उत्तराखंड संस्कृत विवि के पूर्व कुलपति प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी, लाल बहादुर शास्त्री केंद्रीय संस्कृत विवि के पूर्व कुलपति रमेश कुमार पाण्डेय, टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण, पालिकाध्यक्ष सीमा कृषाली, ब्लॉक प्रमुख जाखणीधार सुनीता देवी तथा प्रमुख भिलंगना बसुमणी घणाता सम्मेलन में विशिष्ठ अतिथि होंगे। सम्मेलन के दूसरे दिन बदरी केदार समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय, टीएचडीसी के ईडी एलपी जोशी, आरएसएस सह प्रांत प्रचारक संजय, जगद्गुरु शंकराचार्य के शिष्य एमके महाजन, पूर्व मंत्री दिनेश धनै, पूर्व मंत्री लाखीराम जोशी, पूर्व विधायक विजय सिंह पंवार तथा धन सिंह नेगी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## क्षेत्रवासी से अपने आस–पास रखे सफाईः पालिकाध्यक्ष

हरिद्वार। नगर पालिका शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने डेंगू से बचाव के लिए क्षेत्रवासियों से अपने आस–पास साफ–सफाई रखने का आग्रह किया।

समय समय पर कूलर, गमले, पानी की टंकी को साफ करने, जमा पानी में कीटनाशक डालने, मच्छरों से बचाव के लिए मच्छर दानी का प्रयोग करने की अपील की है। बताया कि पालिका की ओर से फॉगिंग, कीटनाशक का छिड़काव किया जा रहा है। मंगलवार को अपर जिलाधिकारी पीएल शाह और पालिकाध्यक्ष ने पालिका क्षेत्र का निरीक्षण किया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में दवाइयों का छिड़काव कराया। इस दौरान नवोदय नगर में डेंगू से बचाव को जन जागरुकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया।

# जिला स्तरीय राजस्व सम्वर्द्धन एवं अनुश्रवण समिति की हुई बैठक



हरिद्वार। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री दीपेन्द्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में राजस्व संसाधनों की वृद्धि तथा करापवंचन रोकने के सम्बन्ध में गठित जिला स्तरीय राजस्व सम्वर्द्धन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी(वित्त एवं राजस्व) ने वन विभाग के अधिकारियों से माह में वसूल राजस्व के सम्बन्ध में जानकारी ली तो वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि माह में वसूल राजस्व 42.34 लाख रूपये है, आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि माह में वसूल राजस्व 3356.67 लाख है। इस पर अपर जिलाधिकारी ने आबकारी अधिकारियों को निर्देश दिये कि देशी तथा विदेशी मदिरा की फुटकर मदिरा दुकानों में आहाता की व्यवस्था की जाये तथा दुकानों के मध्य न्यूनतम दूरी निर्धारित की जाये। एआरटीओ रूड़की तथा हरिद्वार ने अब तक की वसूली का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस पर अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपेक्षा के अनुरूप वसूली कम है। इसलिये कर बकाया वाहनों पर बकाया वसूलने हेतु विशेष कार्यवाही करने के साथ ही प्रभावी प्रवर्तन की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में सिंचाई विभाग को अपर जिलाधिकारी ने सुझाव दिया कि विभाग के नियंत्रणाधीन रिक्त स्थलों पर वाहन पार्किंग, रिक्त दुकानों का आवंटन करके राजस्व की वृद्धि करना सुनिश्चित करें। बैठक में विद्युत, निबन्धन विभाग, राज्य कर तथा खनन विभाग के अधिकारियों ने भी अब तक की राजस्व वसूली का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने इन विभागों को भी राजस्व वसूली में और तेजी लाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एआरटीओ श्री रत्नाकर, श्री नवल किशोर सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र तोहीद (TOOHEED) को मेरी पत्नी मेहताब जहां ने दिनांक 23.12.2008 को जन्म दिया है। मैंने अपने पुत्र तोहीद (TOOHEED) का नाम बदल कर शहबुद्दीन मौ. गौरी (SHAH-BUDDIN MOHD. GURI) रख दिया है तथा निकट भविष्य में मेरे पुत्र को तोहीद (TOOHEED) नाम के बजाय शहबुद्दीन मौ. गौरी (SHAHBUDDIN MOHD. GURI) लिखा, पढ़ा व जाना जाय।

**फारूख अहमद पुत्र सफीक अहमद निवासी लकड़ी पड़ाव, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1305/21)


# डीएम ने लिया श्री कृष्णयान गौशाला बसोंचंदपुर गैंडीखाता मे व्यवस्थाओं का जायजा



हरिद्वार। मंगलवार को जिलाधिकारी धीरज गर्ब्याल श्री कृष्णयान गौशाला बसोंचंदपुर गैंडीखाता पहुंचे और गौशाला मे व्यवस्थाओं का जायजा लिया। और गंगा नदी से हुए कटाव का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तत्काल निर्देश करते हुए कहा कि गंगा नदी के भूमि कटाव की रोकथाम हेतु पेचिंग और तटबंध का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की सबसे बड़ी गौशाला के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा इतनी बड़ी संख्या में देशी और अन्य प्रजाति की गाय और सांड आदि का रख रखाव और पालन करना बड़ी सेवा है। गौशाला के महामंडलेश्वर ईश्वरदास ने बताया कि गौशाला पहुंचे जिलाधिकारी ने भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। और गंगा नदी से हुए भूमि कटाव का स्थलीय निरीक्षण किया। पिछले दिनों गंगा नदी के तेज बहाव के चलते भारी मात्रा मे गौशाला की भूमि का कटाव हुआ है। जिसमें गौशाला के संरक्षण हेतु तटबंध और पेचिंग निर्माण कराया जाने की मांग रखी थी। इस अवसर पर एसडीएम मनीष कुमार, लोक निर्माण विभाग ईई सुरेश तोमर, जेई आशीष मित्तल, लेखपाल उमा सुतम, लेखपाल रामनाथ आदि मौजूद रहे।

# बाणगंगा नदी के पानी की जांच के लिए भरा सैंपल

रुड़की। तहसील क्षेत्र से होकर बह रही बाणगंगा नदी शुक्रताल तीर्थ तक पहुंच रही है। इसे लेकर मंगलवार को उपजिलाधिकारी के साथ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने क्षेत्र के चार अलग–अलग स्थान पर निरीक्षण किया। टीम ने तीन अलग–अलग स्थान से पानी का सैंपल भी जांच के लिए लिया है। 14 सितंबर को एनजीटी ( राष्ट्रीय हरित अधिकरण) की टीम भी क्षेत्र का निरीक्षण करेगी। लक्सर तहसील क्षेत्र से होकर बाणगंगा नदी बह रही है जो, शुक्रताल तीर्थ तक पहुंच रही है। इसके पानी को प्रदूषित बताया जा रहा है। इसे लेकर ही पिछले दिनों केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने जिलाधिकारी हरिद्वार व जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर के साथ इसका निरीक्षण किया था। पानी की गुणवत्ता भी देखी गई थी। इसे लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उत्तराखंड के डॉ. अजीत सिंह, डॉ. शाहिदा और राहुल नेगी ने उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में तहसील क्षेत्र के इन्द्रीशपुर, पोडोवाली व लक्सर के हडवाहा नाले से पानी का सैंपल लिया है।

## किसान के बच्चों पर स्कूल फीस भरने का दबाव

रुड़की। उत्तराखंड किसान मोर्चा के जिला प्रभारी नरेंद्र सिंह ने खानपुर में मोर्चा की मासिक पंचायत की शुरूआत की। पंचायत में किसानों ने निजी स्कूलों पर मनमानी करने का आरोप लगाया।

कहा कि बाढ़ के कारण लक्सर और खानपुर के किसानों के पास अपना और अपने परिवार का पेट भरने तक का सामान नहीं बचा है। ऐसे में प्राइवेट स्कूल उनके बच्चों पर पूरी फीस जमा करने का दबाव डाल रहे हैं। पंचायत में तय हुआ कि अगर किसी स्कूल ने फीस जमा न करने की बात पर बच्चों को परीक्षा में बैठने से रोका, तो मोर्चा संबंधित स्कूल के अलावा शिक्षा विभाग के कार्यालय पर आंदोलन करेगा। बाद में मोर्चा ने इस बाबत ज्ञापन तैयार करके हरिद्वार के डीएम और मुख्य शिक्षाधिकारी को भेजा।


### अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज क0ख0 महोदय कोटद्वार गढ़वाल**

**दी0वा0 संख्या 107 सन् 2023**

अनिल कुमार पुत्र स्व0 रामकृष्ण, निवासी ग्राम कण्डियाल गांव, पोस्ट ऑफिस नाथूखाल, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड – वादी

**बनाम्**

ग्राम प्रधान ग्राम सभा चुना महेडा, पोस्ट ऑफिस नाथूखाल, धूराधनाई, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

उत्तराखण्ड सरकार बजरिये कलैक्टर, पौड़ी गढ़वाल।

**आम जनता**

जयकृष्ण पुत्र स्व0 रामकृष्ण, निवासी ग्राम कण्डियाला गांव, पोस्ट ऑफिस नाथूखाल, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड

-प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम - आम व खास

चूंकी प्रार्थी द्वारा इस न्यायालय में अपना नाम घोषणात्मक आज्ञप्ति हेतु एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 34 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम के तहत योजित किया है जिस पर जवाबदेही की तिथि 18-09-2023 नियत है। अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस बावत कोई आपत्ति हो तो वह उक्त तिथि को ठीक दस बजे प्रातः न्यायालय में स्वयं/मार्फत अधिवक्ता उपस्थित होकर जवाबदेही करें अन्यथा उक्त वाद में आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत के आज दिनांक 11-09-2023 को जारी किया गया।

**आज्ञा से**

**न्यायालय सिविल जज क0ख0**

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम सलोनी (SALONI) अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम सेलानी कौर (SALONI KAUR), मेरा पिता का नाम महेन्द्र सिंह (MAHENDER SINGH), एवं माता का नाम लखविन्दर कौर (LAKHVINDAR KAUR) है।

अतः मेरे जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन कर मेरा सही व वास्तविक नाम सेलानी कौर (SALONI KAUR), मेरा पिता का नाम महेन्द्र सिंह (MAHENDER SINGH), एवं माता का नाम लखविन्दर कौर (LAKHVINDAR KAUR) अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

**सलोनी कौर पुत्री महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कन्डरावाला, पोस्ट टाण्डामाईदास, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश।**

(1304/21)


# डेढ़ किलो चांदी के जेवरात उड़ाए

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में एक सर्राफ की दुकान का शटर उखाड़कर करीब डेढ़ किलो चांदी चोर ले उड़े। घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद ज्वालापुर पुलिस जांच में जुट गई है। सर्राफ की दुकान के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की जा रही है। कनखल के विष्णु गार्डन निवासी शैल कुमार की रामनगर–आर्यनगर मार्ग पर शैल ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। रोजाना की तरह सोमवार को दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह रोजाना की तरह अपनी दुकान खोलने पहुंचे लेकिन शटर को देखकर दंग रह गए। देखा कि शटर को उखाड़ा गया था। शटर उठाकर अंदर पहुंचने पर सामने आया कि पूरा सामान अस्त व्यवस्त पड़ा था। अंदर रखे चांदी के करीब डेढ़ किलो के जेवरात गायब थे। घटना की सूचना मिलने पर एसएसआई संतोष सेमवाल मौके पर पहुंच गए। सामने आया कि सर्राफ की दुकान पर सीसीटीवी कैमरे नहीं है। पुलिस आस पास के प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुट गई है। एसएसआई संतोष सेमवाल ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# किराएदार पर आकर ठहरी पुलिस की जांच

हरिद्वार। कनखल के बुजुर्ग अशोक चड्ढा हत्याकांड को लेकर पुलिस की जांच फिलहाल एक किरायेदार युवक पर आकर ठहर गई है। चार दिन पहले गए किरायेदार के कमरे का ताला खुला मिला। किरायेदार तक पहुंचने की पुलिस कोशिश कर रही है। एसएसपी अजय सिंह ने हत्याकांड के खुलासे को कनखल पुलिस और सीआईयू की चार टीमें गठित की है। सोमवार शाम शिवलोक कालोनी निवासी यूपी सिंचाई विभाग से रिटायर अशोक चड्ढा (77) का खून से लथपथ शव बैरागी कैंप में बने उनकी संस्था के भवन में मिला था। शौचालय के बाहर उनका गला रेतकर शव फेंका गया था। करीब दो घंटे बाद संस्था लौटे केयर टेकर नरेंद्र ने घटना की सूचना उनकी पत्नी और बेटी को दी थी। देर रात से ही पुलिस हत्याकांड के खुलासे में जुटी हुई थी। पुलिस की अब तक की जांच में सामने आया कि उनके यहां एक किराएदार रह रहा था। चार दिन पहले वह जल्द आने की बात कहकर गया था। घटना के बाद से किरायेदार का कमरा खुला हुआ है। किरायेदार के नाम के अलावा कोई जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई है। उसका कमरा खंगालने के बाद भी किरायेदार से जुड़ा कोई लिंक नहीं मिल सका है। किरायेदार तक पुलिस के पहुंचने के बाद हत्या की गुत्थी सुलझने की उम्मीद है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए चार पुलिस टीमें लगाई गई हैं। अलग अलग एंगल पर जांच की जा रही है। बुजुर्ग की किसी से रंजिश की बात अब तक निकलकर सामने नहीं आई है।बेटी ने दर्ज कराया हत्या का मुकदमाः बेरहमी से कत्ल कर दिए गए बुजुर्ग के शव का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया गया। बेटे गुलशन चड्ढा ने पिता के शव को मुखाग्नि दी। मृतक की पुत्री दीप्ति निवासी पंजाब सिंध क्षेत्र कनखल ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है।

# डॉ. सेमल्टी की बाल कविता संग्रह का किया लोकार्पण

नई टिहरी : साहित्यकार और शिक्षाविद डॉ. सुरेंद्र दत्त सेमल्टी की बाल कविता संग्रह ह्यआगे बढ़ते जाना हर पलह्व व ह्यसफलता के सूत्रह्व का राइंका त्यूणा बगडवालधार में डॉ. सेमल्टी के सम्मान समारोह के साथ उनकी नवीनतम काव्य कृतियों का लोकार्पण किया गया। शैलेश मटियानी पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सुरेन्द्र दत्त की बाल कविता संग्रह आगे बढ़ते जाना हर पल व सफलता के सूत्र छात्र-छात्राओं के लिये प्रेरणादायी रचनाएं है। विद्यालय प्रधानाचार्य अमर सिंह ने पुस्तकों का लोकापर्ण किया गया, विद्यालय के अन्य शिक्षकों और कर्मचारियों ने डॉ. सेमल्टी का शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. सुरेन्द्र दत्त ने सभी लोगों का आभार जताते हुये विद्यार्थियों के समग्र मूल्यांकन के साथ ही शिक्षा संस्कार के क्षेत्र में शिक्षकों और अभिभावकों को साथ मिलकर काम करने को कहा। डॉ. सुरेंद्र दत्त को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे कार्य हेतु अब तक सौ से अधिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उनके द्वारा कविता, कहानी सहित तंत्र साहित्य में कई पुस्तकें लिखी जा चुकी है। इस मौके पर डॉ. नवीन चन्द्र कांडपाल, हरीश चंद्र शर्मा, पूर्वानन्द बंगवाल, अनिल नेगी, धीरज डंगवाल, राजेन्द्र सिंह, महेश लाल, कुलदीप सिंह आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## तीन तलाक का केस दर्ज

रुड़की। पुलिस ने पति समेत ससुराल के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सिविल लाइन्स कोतवाली को जलालपुर निवासी महिला ने बताया कि 22 मार्च 2020 को अखलाख से निकाह हुआ था। परिजनों ने शादी में 25 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि दहेज में दो लाख रुपये की पति ने मांग की।

## डेंगू का लार्वा ढूंढने खुद उतरा प्रशासन

रुड़की। जेएम अभिनव शाह के निर्देश पर मुख्य नगर आयुक्त विजय नाथ शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आनंद श्रीवास्तव के साथ टीम ने रामनगर, सुनहरा और सुभाष नगर आदि इलाकों में डेंगू के लार्वा की तलाश की। साथ ही लोगों को डेंगू से बचने के उपाय भी बताए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि सभी क्षेत्रों में फॉगिंग और कीटनाशक के छिड़काव की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने दो दिन पहले हरिद्वार जनपद का दौरा कर डेंगू से निपटने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद डीएम ने खुद मैदान में उतरकर लार्वा की तलाश की थी। रुड़की में भी प्रशासन ने विभिन्न क्षेत्रों में लार्वा की तलाश की। एक टायर की दुकान में टायरों में भरे पानी में डेंगू का लार्वा मिला।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

रुड़की। पुलिस को सूचना मिली कि दाबकी गांव के युवक अमित की संदिग्ध मौत हुई है। लोग उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस ने गांव पहुंचकर शव कब्जे में ले लिया। पता चला कि अमित रात में अपने घर पर सोया था। तड़के पड़ोस के मकान में उसका शव फांसी के फंदे से लटका मिला। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। कोतवाल अमरचंद शर्मा ने बताया कि मामला प्रेम–प्रसंग के चलते सुसाइड का लग रहा है।


### उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, श्रीनगर (गढ़वाल) दूरभाषः 01346–252137,

Email: dgmsri.upcl@yahoo.com कॉरपोरेट आई0डी0 संख्या (CIN) U40109UP2001SGC025867/2358

**"ई–निविदा सूचना"** दिनांक : 12.09.2023

विद्युत वितरण मण्डल श्रीनगर (ग0) के अधीन विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु 'ए' श्रेणी विद्युत में पंजीकृत एवं अनुभवी लाइसेन्सधारकों से जो कि ई0एस0आई/ई0पी0एफ/जी0एस0टी/आयकर विभाग में पंजीकृत हो, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रय जमा, खोलने का विवरण निम्नवत है–

| निविदा सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर राशि (रु0 लाख में) | विगत तीन वर्षो (2020–21, 21–22 एवं 22–23) का औसत टर्न ओवर (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0 में) | ऑनलाइन निविदा क्रय करने तथा निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निविदा भाग–1 खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21/विविमश्री/2023–24 | विद्युत वितरण उपखण्ड–तृतीय, जहरीखाल के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उप–संस्थान जहरीखाल (1×3 MVA, 1×5 MVA) का लाइनों के अनुरक्षण, नये संयोजन व बिलिंग इत्यादि का कार्य वाह्य एजेन्सी के माध्यम से एक वर्ष के लिए सम्पादित कराये जाने का कार्य। | 51,500.00 | 77.13 लाख | रु0 2360.00 जी0एस0टी सहित | 29.09.2023 12:00 बजे तक | 30.09.2023 12:00 बजे प्रथम भाग |
| 22/विविमश्री/2023–24 | विद्युत वितरण उपखण्ड रिखणीखाल के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपसंस्थान रिखणीखाल (1×3 MVA, 1×5 MVA) का लाइनों के अनुरक्षण, नये संयोजन व बिलिंग इत्यादि का कार्य वाह्य एजेन्सी के माध्यम से एक वर्ष के लिए सम्पादित कराये जाने का कार्य। | 51,500.00 | 77.13 लाख | रु0 2360.00 जी0एस0टी सहित | 29.09.2023 12:00 बजे तक | 30.09.2023 12:00 बजे प्रथम भाग |

Note :-

1- Part-I of tender shall be opened on same day. Bidder must qualify above requirements in order to complete in the Tender. Failing to submit above documents in Part-I. Shall be disqualified.

2- Part-II of the tender will be opened after getting approval from competent authority.

**For further details, please visit after on our website www.uktenders.gov.in. For any assistance on e-Tendering please contact 01346-252137.**

पत्रांकः 1953/वि0वि0म0श्री0/टी–9 अधीक्षण अभियन्ता

राष्ट्र हित में विद्युत बचायें | बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी बल्ब का प्रयोग करें

"Pay Electricity bill Online 24x7 from www.upcl.org" Customer Care Toll Free No.-1800 419 0405

सम्पादकीय

# उपाय क्यों कारगर नहीं?

ताजा आंकड़े बताते हैं कि इन कदमों से खाद्य महंगाई पर काबू पाने में आंशिक राहत ही मिली है। जुलाई में भारत में खाद्य महंगाई 11.5 फीसदी रही। यह तीन साल में सबसे उच्चतम स्तर था। भारत सरकार की आयात–निर्यात नीति में अस्थिरता से किसान या अन्य उत्पादक तबकों के लिए समस्याएं खड़ी होती हैं। हाल में जब प्याज का सवाल आया, तो आखिरकार सरकार को यह वादा करना पड़ा कि सरकार किसानों से प्याज की खरीदारी ऊंची कीमत पर करेगी, ताकि निर्यात रोकने के फैसले से उन्हें नुकसान नहीं होगा। बहरहाल, देखने की बात यह है कि जिस मकसद से खाद्य पदार्थों का निर्यात हाल में रोका गया है, क्या उसमें कामयाबी मिली है? भारत ने पहले गेहूं के निर्यात पर रोक लगाई थी। अब गैर–बासमती और बासमती चावल के निर्यात पर भी कई तरह की रोक लगा दी गई है। लेकिन ताजा आंकड़े बताते हैं कि इन कदमों से खाद्य महंगाई पर काबू पाने में आंशिक राहत ही मिली है। जुलाई में भारत में खाद्य महंगाई 11.5 फीसदी रही। यह तीन साल में सबसे उच्चतम स्तर था। अध्ययनों के मुताबिक पिछले पांच साल में भारत में सामान्य खाने की थाली का दाम 65 फीसदी बढ़ा है, जबकि इस दौरान लोगों की कमाई सिर्फ 37 फीसदी बढ़ी है। यानी खाने पर लोगों का खर्च काफी ज्यादा बढ़ गया है। इस संकट के कई कारण चर्चा में हैं। इस सिलसिले में अल नीनो के प्रभाव के चलते कमजोर होते मॉनसून, सरकार के भंडार में घटते अनाज, फ्री राशन स्कीम की जरूरतें आदि की चर्चा रही है। यूक्रेन युद्ध से बनी विश्व स्थितियों को भी इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। लेकिन खाद्य एवं अन्य महंगाई को बढ़ाए रखने में कारोबार पर एकाधिकार रखने वाली कंपनियों और विक्रताओं की क्या भूमिका है, यह सवाल भारत में हो रही चर्चा से गायब है। जबकि पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों ने इस भूमिका को प्रमुख कारण के रूप में सिद्ध कर दिया है। आईएमएफ ने भी यूरोप के संदर्भ में इस तथ्य को अपनी एक रिपोर्ट में स्वीकार किया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर विरल आचार्य ने अपने हाल के शोध में भारत के संदर्भ में इस पहलू की भूमिका साबित कर दी है। मगर पक्ष हो या विपक्ष या फिर मेनस्ट्रीम मीडिया– इस बारे में उन्होंने चुप्पी साध रखी है।

# ये 5 घरेलू टिप्स दिलाएंगे मुंह की बदबू से छुटकारा, जानिए आपको क्या करना होगा?



मुंह से बदबू आना एक आम समस्या है जो कई कारणों से हो सकती है. मुंह से बदबू आना से न सिर्फ हम खुद परेशान रहते हैं, बल्कि यह हमारे आस–पास के लोगों के लिए भी असुविधा का कारण बन जाती है. मुंह से आने वाली बदबू कई कारणों से हो सकती है – खराब दांतों की सफाई, मुंह में संक्रमण, खाने–पीने की गलत आदतें, तंबाकू का सेवन, कुछ बीमारियाँ या दवाएं आदि. चाहे कारण कुछ भी हो, मुंह की बदबू हमारे आत्मविश्वास को कम कर देती है और सामाजिक रूप से अलग–थलग कर देती है. लेकिन चिंता की कोई बात नहीं! मुंह की बदबू से छुटकारा पाने के लिए हम घर पर ही कुछ सरल और प्राकृतिक उपाय आजमा सकते हैं जो इस समस्या को दूर करने में मदद कर सकते हैं. आइए जानते हैं मुंह की बदबू हटाने के कुछ असरदार घरेलू उपाय के बारे में.

**लौंग का उपयोग**

लौंग में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो मुंह से बैक्टीरिया को नष्ट कर सकते हैं. आप लौंग को मुंह में रखकर चबा सकते हैं.

**नींबु पानी**

नींबु में विटामिन सी होता है, जो मुंह के अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है. आप नींबु के रस को पानी में मिलाकर इसे कुछ समय तक मुंह में रख सकते हैं और फिर कुल्ला कर सकते हैं.

**बेकिंग सोडा**

बेकिंग सोडा मुंह की एसिडिटी को कम करता है, जो बदबू पैदा करने वाले बैक्टीरिया की वृद्धि को रोक सकता है. आप बेकिंग सोडा को अपने टूथपेस्ट में मिला सकते हैं या फिर इसे पानी में मिलाकर मुंह के अंदर कुल्ला कर सकते हैं.

**तुलसीः**

तुलसी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल प्रॉपर्टीज होती हैं. आप तुलसी की पत्तियों को चबा सकते हैं या इसे अपने चाय में डाल सकते हैं.

**सौंफ और इलायची**

इन दोनों के एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो मुंह की बदबू को दूर करने में मदद करते हैं. भोजन के बाद थोड़ी सौंफ और इलायची का सेवन आप कर सकते हैं.



# जी–20: 'इतिहास' रचा या गर्व लायक कुछ नहीं?

**हरिशंकर व्यास**

आज राजधानी दिल्ली का ताला खुलेगा। सवा तीन करोड़ लोग घरों से बाहर निकल वापिस अपने काम–धंधे तथा रोजमर्रा के ढर्रे में लौटेंगे। सोचें, घरों में बैठे लोगों ने जी–20 का क्या अर्थ निकाला होगा? चार–पांच दिन की बरबादी से दिल्ली के नागरिकों याकि भारत के 140 करोड़ लोगों को क्या हासिल हुआ? जवाब हमारी तासीर, उसके इलहाम व ख्याल हैं। पहली बात नरेंद्र मोदी का चेहरा! दूसरी बात रंग–बिरंगे, शाही वैभव की झांकियां। तीसरी बात अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान जैसे शक्तिशाली देशों के राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों से नरेंद्र मोदी की चमकी दुकान की तस्वीरें हैं। चौथी बात, टीवी चैनलों, भाषणों से वसुधैव कुटुम्बकम्, वन अर्थ–वन फैमिली–वन फ्यूचर, से पश्चिम एशिया से यूरोप तक रेल और शिपिंग कॉरिडोर, समावेशी, निर्णायक और महत्वाकांक्षी अध्यक्षता जैसे सुने गए बड़े–बड़े जुमले हैं! पांचवी और आखिरी बात 'नई दिल्ली की लीडरशीप घोषित हुई' इतिहास रचा गया जैसे वाक्य हैं, जिन्हें बोल कर प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का अपने हाथों अपनी पीठ थपथपाना है। मतलब भारत विश्व नेता, विश्व गुरू, विश्व शक्ति!

मेरे घर की काम मददगार और कूड़ा उठाने वाले ने मेरी पत्नी से पूछा यह जी–20 है क्या जो पुलिस वाले रोक रहे हैं, सब बंद कर दिया है। इससे होगा क्या? हमें क्या मिलेगा? कह सकते हैं हमारा गौरव बढ़ा! प्रधानमंत्री को मई 2024 के चुनाव तक यह तराना गाना चाहिए कि साला मैं तो विश्व नेता बन गया। हम दुनिया के गुरू हो गए। निश्चित ही ऐसे असंख्य भक्त भारतीय हैं, जिन्होंने टीवी चैनलों के आगे बैठ क्षण–प्रतिक्षण यह सोचा कि मोदी तो भगवान हैं तभी तो यह मुमकिन हुआ। अब हम भारतीय तीन–चार साल में चीन को पछाड़ देंगे। तीसरा वर्ग उन लोगों का है जो जी–20 से इवेंट मैनेजर की मोदी काबलियत के मुरीद हैं। उन्हें मालूम है इवेंट के चुनावी मकसद।

लब्बोलुआब यह कि अंतरराष्ट्रीय रिश्तों, भू–राजनीति, कूटनीति, वैश्विक आर्थिकी और सबसे बड़ी बात भारत की सुरक्षा के संदर्भों में बिरले ही भारतीय होंगे जो रियलिटी, रियलिज्म में जी–20 के नतीजे को तौलते हुए हों। देश की सुरक्षा, समृद्धि, दुनिया में पहचान और रिश्तों के ओर–छोर में जी–20 की मेजबानी को जांचें।

सब मानेंगे नरेंद्र मोदी का यह कहा कि इतिहास रच गया या विदेश मंत्री जयशंकर का यह जुमला की नई दिल्ली की लीडरशीप घोषित हुई! बेसिक सवाल है क्या दुनिया ने इसे माना? खास कर उस जी–20 समूह में भारत का क्या मान–सम्मान बना, जिसके नेताओं की लल्लोचप्पो में प्रधानमंत्री मोदी पिछले नौ वर्षों से दुनिया घूमते हुए हैं। इस सत्य को गांठ बांधें कि जी–20 समूह अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली याकि दुनिया के सर्वाधिक अमीर सात देशों के जी–7 का बनाया समूह है। पिछले नौ सालों में नरेंद्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रम्प और जो बाइडेन के साथ बैठ कर और अमेरिका में अपना अभिनंदन करवा कर अपने को सर्वाधिक गौरवान्वित, मुदित दिखलाया है तो ऐसा इसलिए कि पश्चिम में ही हमें सुकून मिलता है। मोदी जानते हैं कि भारत के लोगों, गुजरातियों और नौजवान आबादी की तासीर में अमेरिका–यूरोप याकि पश्चिमी सभ्यता का क्रेज नंबर एक पर है। इसमें सबके अलग–अलग कारण हैं। बतौर वैचारिक तथा भारत जरूरत में, मैं स्वंय अपनी पढ़ाई व समझ तथा 1976 में पत्रकारिता के आरंभ में मानवाधिकारों, मानव गरिमा, अवसर व विकल्पों–विचारों की भिन्नता, सुलभता में शीतयुद्ध के अनुभवों से एक राय बनाए हुए हूं। मेरा निष्कर्ष है मानवता का भला पश्चिम से है। भारत का हित पश्चिम से है। तभी मैं नेहरू–इंदिरा–कांग्रेस के निर्गुट फलसफे का आलोचक रहा हूं। मेरा मानना है कि रिश्तों की नैसर्गिकता, ऐतिहासिकता में न चीन भरोसे लायक है और न पाकिस्तान। तानाशाह देश, साम्यवादी विचारधारा, कबीलाई–गंवार इस्लामी देश तथा अहंकारी चाइनीज सभ्यता से हम भारतीयों ने यदि भाईचारे की गलतफहमी पाली तो धोखा खाएंगे। और मोटा–मोटी मेरा यह सोचा व लिखा वक्त की कसौटी पर सही साबित हुआ है।

मैं पीवी नरसिंह राव, वाजपेयी, डॉ. मनमोहन सिंह से लेकर नरेंद्र मोदी के पश्चिमी रूझान का समर्थक रहा हूं। मेरा मानना था, है और रहेगा कि 9/11, अफगानिस्तान, यूक्रेन पर रूस के हमले और शी जिनफिंग के विस्तारवादी मंसूबों की घटना–दर–घटना से प्रमाणित होता हुआ है कि यदि भारत ने अमेरिका–पश्चिमी सभ्यता से कदमताल में वैश्विक राजनीति नहीं की तो न इधर के रहेंगे और न उधर के। चीन ने भारत को पहले खाया है और भी खाएगा। चीन के लिए ताइवान या वियतनाम की तुलना में भारत का अक्साई चिन व अरूणाचल प्रदेश कई गुना अधिक सॉफ्ट टारगेट है। पिछले बीस सालों में चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी, शी जिनफिंग ने भारत को आर्थिक तौर पर आश्रित बनाया है, उसकी पड़ोसी देशों में तूती घटाई है, भारत की घेरेबंदी की है तो वक्त चेताता हुआ है कि चीन के आगे सुरक्षा, समर्थन अमेरिका और पश्चिमी देशों से ही है। इसलिए भारत को पश्चिम से प्रगाढ़ सामरिक–राजनीतिक–सैनिक रिश्ते बनाने चाहिए। उनकी भावनाओं और संवेदनाओं की चिंता करनी चाहिए।

उधर अमेरिका और पश्चिम को भी भारत की इसलिए जरूरत है क्योंकि उसे भी चीन से खतरा है। पश्चिम ने नादानी में चीन को बेइंतहां दूध पिला कर उसे ऐसा भस्मासुर बनाया है कि वह अब दुनिया के लिए खतरा है। चीन रियल महाशक्ति है और वह अपनी धुरी पर नई वैश्विक व्यवस्था चाहता है। उसके आगे भारत पचास साल कोशिश कर ले तब भी वह बराबरी नहीं पा सकेगा। दोनों देशों की इकोनॉमी का अंतर तीन–चार खरब डॉलर बनाम 15 खरब डॉलर का है। नरेंद्र मोदी अमृतकाल, विकसित भारत का कितना ही झूठ बनाएं भारत यदि दुनिया के ग्लोबल साउथ याकि गरीब–कंगले–विकासशील (इनमें बड़ी तादाद में कर्ज ले कर चीन के बंधक बने देश) देशों की जमात में अपनी कमान का ख्याल बनाता है तो वह गंवार निर्गुट नीति की वापसी होगी। जैसे पंडित नेहरू सत्तर साल पहले निर्गुट आंदोलन के नाम पर दुनिया के नेतृत्वकर्ता होने के गुमान में थे और हिंदी–चीनी भाई–भाई की हवाबाजी में कथित इतिहास बनाते थे वही फिर होता हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 9–10 सितंबर को क्या कूटनीति की? जी–20 के 16 देशों (जो रूस के यूक्रेन के हमले के निंदक) को मनाया कि वे यूक्रेन पर हमले में रूस की आलोचना का स्टैंड छोड़ें ताकि रूस व चीन को पटा कर दिल्ली घोषणापत्र बन सकें। ऐसा क्यों चाहा ताकि भारत की दुकान चले। जिसे असंभव माना जा रहा था वह संभव हो जाए। नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता की वाह होगी!

पर क्या वाह हुई? हां, रूस के विदेश मंत्री ने भारत की वाह की। चीन ने वैसी प्रतिक्रिया नहीं दी क्योंकि शी जिनफिंग ने दिल्ली नहीं आ कर पहले ही बता रखा था कि वह भारत की अध्यक्षता को क्या भाव देते हैं।

बावजूद इसके विदेश मंत्री का ऐलान कि नई दिल्ली की लीडरशीप घोषित हुई! जाहिर है नेहरू से नरेंद्र मोदी तक का यह भारत सत्य है कि हम हिंदुओं की तासीर मुंगेलीलाल के सपनों की है। जी–7 याकि पश्चिमी देशों ने बहुत सोच समझ कर (भले पीछे स्वार्थ हो) भारत को, नरेंद्र मोदी को जी–20 की अध्यक्षता का दायित्व दिया। और नतीजे में नरेंद्र मोदी मानते हैं कि इतिहास रचा गया तो दूसरी तरफ अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस सहित दुनिया के प्रबुद्ध तथा मीडिया (रायटर, बीबीसी, अल जजीरा, गार्डियन, डीडब्ल्यू एबीसी, सीएनबीसी आदि लगभग सभी की रिपोर्टों–टिप्पणियों में) इस सत्य को पकड़े हुए है कि संयुक्त घोषणापत्र बिना रूस के उल्लेख के जारी हुआ। मतलब यूरोप–अमेरिका–जी–7 देशों के घर–घर की दुखती नस के प्रतीक यूक्रेन पर हमले की निंदा दिल्ली में नहीं हुई। तभी यूक्रेन ने तुरंत यूरोपीय संघ–अमेरिका की इस प्रतिनिधि प्रतिक्रिया को व्यक्त किया कि दिल्ली घोषणापत्र में गर्व लायक कुछ नहीं है। मतलब बेकार, अप्रभावी, कूड़ेदानी में फेंकने लायक घोषणापत्र।

दिल्ली घोषणापत्र के कंट्रास्ट में बाली घोषणापत्र याकि इंडोनेशिया की वाह है, जबकि भारत के विदेश मंत्री का घमंड में यह तुक्का है कि बाली, बाली है और नई दिल्ली, नई दिल्ली।

सोचें, जिस जी–20 याकि पश्चिमी देशों के समूह की तूताड़ी प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में घर–घर में बनवाई, देश भर में प्रोपेगेंडा और बैठकें हुईं उसका निर्माता पश्चिमी जनमानस दिल्ली घोषणापत्र को धिक्कारता हुआ है और निराश है। तभी वैश्विक (चीन–रूस विरोधी पश्चिमी समूह) थिंकटैंक व जी–20 की कोर राजधानियों का नैरेटिव यह बना है कि भारत ऐसा ही है। अमेरिका के नंबर एक अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स में रिपोर्ट थी कि शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति बाइडेन भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपने रिश्तों को सहज बनाने, दिखलाने में अधिकांश समय चुपचाप रहे। बाइडेन के एयरफोर्स वन में आए पत्रकारों ने, अधिकारियों का कुल मिलाकर दिल्ली में समय काटना था। पत्रकारों का ज्यादा समय इस शिकायत में गुजरा कि हमें फ्री एक्सेस क्यों नहीं है? ऐसे शिखर सम्मेलन का क्या अर्थ है? पश्चिमी मीडिया की रिपोर्टों का सार है कि उनके नेताओं ने घोषणापत्र वह बनने दिया जो वे (मोदी) चाहते थे। मेजबान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में राष्ट्रपति बाइडेन ने लोकतंत्र के मुद्दों को हवा नहीं दी। घोषणापत्र से यूक्रेन पर रूसी आक्रमकता की आलोचना को हटा दिया गया। बाइडेन दिल्ली आए, सीधे नरेंद्र मोदी के घर गए और उसके बाद पश्चिमी समूह ने चुपचाप वह होने दिया, जिससे नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक दुकान चमके। आखिर पश्चिमी देश यदि अड़ते तो बिना रूस की आलोचना के घोषणापत्र बनता ही नहीं। तब भारत की किरकिरी होती। कथित ग्लोबल साउथ, चीन और रूस सबमें भारत व नरेंद्र मोदी का जीरो मतलब होता। जबकि भारत का चीन के आगे रूतबा और मान बने यह तो पश्चिमी देशों की अब प्राथमिक जरूरत है। इस बात को देशी और खुद प्रधानमंत्री मोदी के उदाहरण से समझें कि जैसे दिल्ली में बड़े–बड़े मीडिया समूह कथित थिंक इंडिया की फाइव स्टार गोष्ठियां करते हैं और बतौर मिसाल 'इंडिया टुडे' की उस गोष्ठी को याद करें, जिसमें अरूण पुरी विनती करते हैं कि मोदीजी हमारी दुकान चला दीजिए तो मोदी उन पर कृपा कर, यह कहते हुए कि चलो मैं आज दुकान चला देता हूं गोष्ठी को हिट बनवा देते हैं वैसा ही बाइडेन ने होने दिया। बाइडेन से मोदीजी ने गुजारिश की होगी और उन्होंने मौन रह कर, सबको कह कर भारत के साझा घोषणापत्र को ओके कराया, जिस पर जयशंकर का हुंकारा था–नई दिल्ली की लीडरशीप घोषित हुई!

कह सकते हैं क्या फर्क पड़ता है। भारत की दुकान तो चल गई। रूस व चीन भी खुश।

पर हिसाब से जिस जी–20 से भारत ने चीन के मुकाबले के लिए सामरिक–सैनिक–रणनीतिक गठजोड़ का प्लान बनाया है मोदी सरकार का सामरिक, भू–राजनीतिक ताना–बाना है वह क्या ऐसी कूटनीति से फलीभूत होगा? आप यूरोप व अमेरिका के सगे न बने और वह चीन के मुकाबले में आपका सगा बने ऐसा क्या संभव है? ताली दो हाथ से बजती है या एक हाथ से?

यदि जी–20 फालतू है। उससे लंबा फायदा नहीं है तब भला सरकार ने जी–20 का देश भर में हल्ला क्यों बनाया? दिल्ली को लॉकडाउन में क्यों रखा? रिकार्ड तोड़ इतना ऐसा खर्च कैसे जो छह साल पहले जर्मनी के आयोजन से सात सौ प्रतिशत अधिक बताया जा रहा है? क्यों तब चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के मुकाबले अमेरिका के साथ भारत से पश्चिम एशिया से यूरोप तक रेल और शिपिंग कॉरिडोर की योजना का ऐलान हुआ? पूरे साल पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका केंद्रित जी–20 की मेजबानी को भारत का अहोभाग्य बताया तो अंत परिणाम में ऐसा कैसे जो अमेरिका–यूरोप में दिल्ली घोषणापत्र निरर्थक करार है? यूरोप में यह मानना कि यूक्रेन की बजाय रूस की चिंता में भारत ने घोषणापत्र बनाया। वही अमेरिका में यह धारणा है कि भारत है ही ऐसा! वह लफ्फाजी पसंद है, उसे अपनी खुद की सुरक्षा, हितों का भी ख्याल नहीं होता।

सोचें, दिल्ली घोषणापत्र में रूस की विस्तारवादी आक्रमकता की भर्त्सना या आलोचना नहीं होने दे कर भारत ने चीन को क्या मैसेज दिया है? दुनिया को क्या बताया है? इसी के साथ कल्पना करें कि चीन ने यदि अक्साई चिन व अरूणाचल में अपनी सेना घुसाई तो भारत तब दुनिया से, अमेरिका या यूरोप से चीन की आलोचना व निंदा चाहेगा या नहीं? अगले वर्ष जब जी–20 की शिखर वार्ता होगी और उससे पहले चीन ने भारत की सीमा पर आक्रमकता दिखाई तो जी–20 के नए अध्यक्ष ब्राजील के राष्ट्रपति लूला ने यदि चीन से अपने खास संबंधों में भारत के चाहने के बावजूद रियो घोषणापत्र में चीन की आक्रमकता का जिक्र नहीं होने दिया तो भारत के लिए बैठक कैसी निरर्थक होगी? भारत क्या तब यह आलोचना करते हुए नहीं होगा कि रियो घोषणापत्र में क्या है गौरव लायक! भारत अकेला अलग–थलग तब बेगानी शादी में अब्दुल्ला दिवाना नहीं होगा?

सवाल है क्यों ऐसा सोचें? इसलिए क्योंकि विश्व राजनीति सचमुच रियलिज्म, यथार्थवाद की निर्ममता में है। जबकि भारत की त्रासदी है जो पहले दिन से संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दे को ले जाने से ले कर जी–20 बैठक के ऐतिहासिक मौके पर हवाबाजी, जुमलेबाजी से गलतियां करते हुए है। अवसर गंवाता है। इतिहास रचने की कपोल कल्पनाएं करता है। हम न यथार्थवादी हैं और न आदर्शवादी आचरणकर्ता हैं। सबका साथ, समावेशी या वन अर्थ जैसे आदर्शों में फिर करनी में भी आचारण दिखलाना होता है। तभी पंडित नेहरू से आज तक की भारत विदेश नीति इलहामी, मुंगेरीलाल वाली और गंवार रही है। ख्यालों व छलावों में जीते हुए ऐसे जुमले बोलते रहो कि इतिहास रचा, विश्व नेता और विश्व गुरू हुए। ठीक कहा एक वैश्विक जानकार रिचर्ड एन हास ने कि शिखर बैठकों की संयुक्त घोषणाएं अक्सर मेजबान देश की तासीर में होती है, उसकी विशेषताओं को लेती हैं। लगता है मेजबान ने चीन या रूस का विरोध नहीं करने का फैसला किया।ज् जबकि बाइडेन, पिछले राष्ट्रपतियों की तरह, भारत को करीब लाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उन्हें सीमित सफलता मिल रही है, लेकिन यह रिश्ते की प्रकृति है। यह यहां केक में पकाया जाता है। क्या यह बात हम, भारत के लोग समझ सकते है?

# प्रतिष्ठा बच गई!

यह स्पष्ट नहीं है कि भारत सरकार ने कैसे पश्चिमी देशों को पलक झपकाने और अपने घोषित रुख से पीछे हटने के लिए राजी किया। लेकिन ऐसा वास्तव में हुआ। यह दुनिया के बदलते समीकरणों की एक झलक है।

जी–20 के नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में साझा घोषणापत्र का जारी होना जाना निश्चित रूप से एक बड़ी कामयाबी है। इसे भारत की एक विशेष कूटनीतिक सफलता भी कहा जा सकता है। यह सफलता इसलिए अधिक महत्त्वपूर्ण मालूम पड़ती है, क्योंकि एक दिन पहले तक घोषणापत्र पर आम सहमति बनने की न्यूनतम संभावना नजर आती थी। शिखर सम्मेलन से पहले भारत में जी–20 देशों के विदेश, वित्त और पर्यावरण मंत्रियों की हुई बैठकों के बाद कोई साझा बयान जारी नहीं हो सका था। वजह यह थी कि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश इस पर अड़े हुए थे कि ऐसे किसी बयान में 'यूक्रेन पर हमले' के लिए रूस की दो टूक शब्दों में निंदा होनी चाहिए। उधर रूस और चीन अडिग थे कि उन्हें ऐसा कोई बयान मंजूर नहीं होगा। पिछले साल इंडोनेशिया के बाली में हुए शिखर सम्मेलन इस मामले में इन दोनों देशों ने कुछ नरम रुख दिखाया था, जिससे पश्चिमी देश निंदा को घोषणापत्र में शामिल करवाने में सफल हो गए थे। मगर अब रूस और चीन का रुख अधिक सख्त हो चुका था।

इससे भारत की चुनौतियां बढ़ गई थीं। अब यह




स्पष्ट नहीं है कि भारत सरकार ने कैसे पश्चिमी देशों को पलक झपकाने और अपने घोषित रुख से पीछे हटने के लिए राजी किया। लेकिन ऐसा वास्तव में हुआ। बल्कि घोषणापत्र में रूस और चीन की इस राय को भी शामिल किया गया कि जी–20 वास्तव में आर्थिक मुद्दों पर बना मंच है, जिसमें भू–राजनीतिक मसले शामिल नहीं किए जाने चाहिए। पश्चिमी देश क्यों पीछे हटे, इस पर अभी कई दिन तक कयास लगाए जाते रहेंगे– लेकिन इसे इस बात संकेत अवश्य माना जा सकता है कि दुनिया पर से अपने फिसलते वर्चस्व और गिरती ताकत से वे परिचित हैं। ऐसे में भारत जैसे भू–राजनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण देश की उपयोगिता उनकी निगाह में बहुत बढ़ी हुई है। इस कारण भारतीय कूटनीति के तकाजों को नजरअंदाज करना उन्हें अपने माफिक नहीं लगा। इससे भारत की प्रतिष्ठा बच गई। इसके बावजूद खेमों में बंटती दुनिया के बीच जी–20 कितना प्रासंगिक रह गया है, इस सवाल का कोई जवाब नहीं मिला है।

# मोदी आए और बॉय कर गए!

**श्रुति व्यास**

जी20 डायरी–3 : जी–20 के मीडिया मंडपम मेंरविवार को लंच के बाद अचानक चहल–पहल बढ़ी। एक के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस होने लगी। पीक समय तब आया जब मंडपम में एसपीजी और एनएसजी के लोग और खोजी कुत्ते दिखलाई दिए। लगा शायद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां आने वाले हैं। करीब पांच बजे बताया गया कि प्रधानमंत्री वहां आएंगे। और जितने भीपत्रकार मौजूद थे वे उनके इंतजार में बेरीकेडों के पीछे भीड़ बनाकर खड़े हो गए। सात बजे तक इंतजार था। प्रेस वाले बोर हो चुके थे और थके हुए थे बावजूद इसके सभी उम्मीद में थे कि वे आएंगे तथा फोटो खींचने और उनसे कुछ प्रश्न करने का मौका मिलेगा।दो घंटे की इंतजारी के बाद प्रधानमंत्री आए, पत्रकारों की ओर हाथ हिलाते हुए चक्कर लगाया।कोई पांच मिनट। अचानक एक औरसे नारे सुनाई दिए मोदी,मोदी और जयश्री राम! और प्रधानमंत्री मीडिया मंडपम से बाहर निकल गए।

जबकि तमाम पत्रकार उम्मीद में थे कि प्रधानमंत्री फोटो खींचवाएंगे, वैसे ही प्रेस कांफ्रेस करेंगे जैसे लंच के बाद एक–एक कर विश्व नेताओं ने आ कर की। मैं दिन के अनुभव में यह सोचते हुएप्रभावित थी कि कैसे कई राष्ट्राध्यक्ष और शीर्ष व्यक्तित्व छोटी गोल्फ गाड़ी से एकदम आम आदमी की तरह मीडिया मंडपम में पहुंचे। और फिर बेधडक प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित किया। पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर दिए।

सचमुच दोपहर बाद हम मीडियाकर्मी एकदम व्यस्त हो गए। इस डायरी की लेखिका यों आधा दिन गुजरने के बाद वहां पहुंची परंतु तब भी देर नहीं हुई थी। राजघाट में बापू को श्रद्धांजलि की रस्म अदायगी हो चुकी थी। बीस्ट और अमेरिका के राष्ट्रपति दिल्ली छोड़ चुके थे। शहर के नागरिकों पर लगाए गए कड़े प्रतिबंधों में ढील दी जाने लगी थी। भारत ने जी–20 का नेतृत्व औपचारिक रूप से ब्राजील को सौंप दिया था।

जब मैं मीडिया मंडपम में पहुंची तब तक काफी बड़ी संख्या में पत्रकार जा चुके थे और बाकी भी जाने की तैयारी कर रहे थे। अधिकांश के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति की विदाई का मतलब था समाचारों के स्त्रोत का सूख जाना। उनके लिए अब इस आयोजन में कुछ खास करने को बचा नहीं था। आज लाल कालीन भारत मंडपम को अंतर्राष्ट्रीय मीडिया सेंटर से जोड़ रहा था।तभी फ्रांस के राष्ट्रपति से लेकर इटली की प्रधानमंत्री तक और उनसे लेकर विश्व बैंक के मुखिया तक प्रेस की बातचीत होती हुई थी। विदेशी नेताओं की फोटो खींची जा रही थी और प्रेस उनके कहे एक–एक शब्द को ध्यान से सुन रही थी। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ और जर्मन चासंलर ओलाफ शुल्ट्ज ने सम्मेलन के दूसरे दिन ही प्रेस कान्फ्रेस संबोधित कर दी थी। इसके बाद भी तीसरे दिन की दोपहर में प्रेस वार्ताओं की बहार थी।प्रधानमंत्री मोदी के साथ लंच के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अपने सुरक्षा कर्मियों और मंत्रियों के साथ मीडिया मंडपम में पहुंचे। उनकी प्रेस कान्फ्रेंस कुछ अपवादों को छोडक़र केवल फ्रेंच प्रेस तक सीमित थी। उनकी प्रेस कान्फ्रेंस का सार यह था कि जी–20 घोषणापत्र रूस के लिए कूटनीतिक जीत नहीं है और ऐसा लगता है कि इस सम्मेलन में रूस अलग–थलग पड़ गया।

# महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य–प्रगति की समीक्षा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य–प्रगति की समीक्षा की । बैठक में स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने जिनमें प्लेटफार्मों का विस्तार, वाशेबल एप्रनों, प्लेटफार्मों का लेवल उठाने, दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान, फुट–ओवर–ब्रिज, एस्केलेटर, लिफ्ट और दिव्यांगजनों के लिए सुविधा, स्टेशनों के मुख्य दवार सहित स्टेशन इमारतों में सुधार इत्यादि उपलब्ध कराने पर बल दिया । उन्होंने गतिशीलता में वृद्धि और अन्य विकासात्मक ढांचागत कार्यों व माल लदान के कार्यों की समीक्षा की ।

* संरक्षा को बेहतर बनाने में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को संरक्षा पुरस्कार दिए गए
*संरक्षा और ढांचागत कार्यों की समीक्षा
*समयपालनबद्धता को बेहतर बनाने पर बल
*माल लदान और आय में वृद्धि पर बल

कार्य–प्रगति की समीक्षा करने के साथ–साथ, महाप्रबंधक ने रेल यात्रियों और रेल संपति की संरक्षा और सुरक्षा में उच्च मानकों को बनाए रखने में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले 9 सजग कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया ।

उन्होंने रेलगाड़ियों की समयपालनबद्धता के बेहतर रिकॉर्ड को बनाए रखने, गतिशीलता में वृद्धि से जुड़े कार्यों को तेज करने और प्रगति की जांच करने के अभियान चलाने के निर्देश दिए । उन्होंने चल रहे मानसून सीजन के दौरान संरक्षा बढ़ाने पर बल दिया और रेल परिचालन के दौरान आने वाली बाधाओं को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलपथों, वैल्डों के अनुरक्षण मानकों और रेलपथों के निकट पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने रेलपथों, रेलगाड़ियों और परिसरों में विद्युत संरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने पर बल दिया। रेलगाड़ियों की गतिसीमा बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है और इससे जुड़े कार्यों में तेजी लाई जानी चाहिए ताकि वे समय पर पूरा हो सकें। महाप्रबंधक ने रेलपथों के किनारे वृक्षों की छँटाई और झाड़ियों व घास–फूस को हटाए जाने के कार्यों पर भी ध्यान दिया ।

श्री चौधुरी ने रेल परिचालन में मानवीय भूलों को न्यूनतम करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रेल पटरियों की दरारों और रेल वैल्डों की गहन निगरानी की जानी चाहिए और कोई त्रुटि नहीं छूटनी चाहिए।

फ्रेट बिजनेस डेवलपमेंट पर बात करते हुए महाप्रबंधक ने बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों को रेल उपयोगकर्ताओं के बीच विश्वास और सहयोग का वातावरण बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे द्वारा दी जाने वाली रियायतें उसके सभी ग्राहकों तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न और अन्य मदों के लदान में प्रत्येक माह के साथ वृद्धि बनी हुई है ।

उत्तर रेलवे अपने उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।




## बड़ा विमान हादसा टला : रूस–यूक्रेन युद्ध के बीच यूराल एयलाइंस की इमरजेंसी लैंडिंग, बाल–बाल बचे 159 यात्री

**मॉस्को ,(एजेंसी)।** रूस के यूराल एयलाइंस के विमान 1383 की इमरजंसी लैडिंग कराई गई। विमान में 159 यात्री सवार थे। मंगलवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, विमान को रूस के नोवोसिबिर्स्क क्षेत्र में आपातकालीन लैंडिंग हुई है। गनीमत रही कि इस इमरजेंसी लैंडिग के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह विमान सोची से ओम्स्क के लिए रवाना हुआ था।

बता दें कि रूस–यूक्रेन युद्ध जारी है। ऐसे में रूस के भीतर विमान की इमरजेंसी लैडिंग से वहां के लोगों में दहशत पैदा हो जाती है। बताते चलें कि कुछ दिनों पहले रूस में एक निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में विमान में सवार सभी लोग मारे गए थे। इस दौरान यह भी बताया गया कि इस विमान में वैगनर ग्रुप का प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन भी सवार था।

## मोरक्को भूकंप में मरने वालों की संख्या बढक़र 2,681 हुई

**मोरक्को ,(एजेंसी)।** मोरक्को में विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या बढक़र 2,681 और घायलों की संख्या 2,501 हो गई है। मोरक्को सरकार द्वारा जारी नवीनतम बयान में यह जानकारी दी गई। स्पेन और ब्रिटेन द्वारा भेजी गई बचाव टीमें भूकंप के केंद्र के पास अमीज़मिज़ गांव में पहुंच गई हैं।

भूकंप प्रभावित पुराने शहर मराकेश और अन्य भूकंप प्रभावित क्षेत्रों के बीच हेलीकॉप्टरों को घूमते देखा जा सकता है। बयान के अनुसार सबसे अधिक प्रभावित पर्वतीय क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए बचाव और राहत प्रयास भी जारी हैं। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने कहा उत्तरी अफ्रीकी देश में स्थानीय समयानुसार रात 11.11 बजे 6.8 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप की गहराई 18.5 किलोमीटर पर थी।

## जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति मनांगाग्वा ने की नए मंत्रिमंडल की घोषणा

**हरारे ,(एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति एमर्सन मनांगाग्वा ने पिछले महीने दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुने जाने के बाद सदस्यीय नये मंत्रिमंडल की घोषणा की।

राष्ट्रपति ने अपने पोर्टफोलियो में कई सरकारी मंत्रियों को बरकरार रखा, उनमें वित्त और निवेश संवर्धन मंत्री मथुली एनक्यूब, विदेश मामलों के मंत्री फ्रेडरिक शावा, न्याय, कानूनी और संसदीय कार्य मंत्री जियाम्बी जियाम्बी, भूमि एवं कृषि मंत्री चिंतित मासूका और रक्षा मंत्री ओप्पा मुचिंगुरी काशीरी है। कुछ बदलावों के बीच, पूर्व ऊर्जा मंत्री सोडा ज़ेमू को नया खान मंत्री नियुक्त किया गया।

## ग्रेनो अथरिटी में हजारों की संख्या में ताला लगाने पहुंचे किसान, पुलिस से हुई झड़प

**ग्रेटर नोएडा ,(एजेंसी)।** ग्रेटर नोएडा अथरिटी की नीतियों से परेशान और मांगों को लेकर कई महीनों से धरना-प्रदर्शन कर रहे किसानों ने मंगलवार को आंदोलन तेज करने का ऐलान किया। हजारों की संख्या में किसानों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर ताला लगाने की घोषणा की है। इसके लिए किसानों और पुलिस के बीच झड़प हो रही है।'डेरा डालो, घेरा डालो' के नारे के साथ किसान आंदोलन को और तेज करेंगे। किसानों के इस आंदोलन को देखते हुए बड़ी संख्या में पहले से ही ग्रेटर नोएडा अथरिटी के बाहर पुलिस बल को तैनात किया गया है। जानकारी के मुताबिक किसान अपनी मांगों को लेकर 25 अप्रैल से दिन-रात ग्रेटर नोएडा अथरिटी पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

# नूंह कोर्ट ने मोनू मानेसर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा पुलिस ने भिवानी में जिंदा जलाए नासिर–जुनैद हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई की है। गौरक्षक मोनू मानेसर को गुरुग्राम से पुलिस ने हिरासत में लिया। इसके बाद आज नूंह कोर्ट में मोनू मानेसर को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। हरियाणा पुलिस अब उसे राजस्थान पुलिस के हवाले कर सकती है। मोनू मानेसर पर भिवानी में जिंदा जलाए नासिर और जुनैद की हत्या का आरोप है।

मोनू मानेसर को मंगलवार को आईएमटी मानेसर से हरियाणा पुलिस के सीआईए स्टाफ ने पकड़ा है। दोपहर करीब 12 बजे सिविल ड्रेस में आए पुलिसकर्मी मोनू को अपने साथ ले गए। इसका एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल है। गुरुग्राम के अधिकारियों का कहना है कि गुरुग्राम पुलिस ने मोनू को नहीं उठाया है। बल्कि सीआईए स्टाफ ने हिरासत में लिया है।

आपको बता दें कि गौरक्षक मोनू मानेसर भिवानी में जिंदा जलाए नासिर और जुनैद हत्याकांड के बाद आठ महीने से फरार चल रहा था। 16 फरवरी, 2023 को हरियाणा के भिवानी में बोलेरो में जली हालत में दो शव मिले थे।

जांच के बाद सामने आया था कि दोनों शव राजस्थान के गोपालगढ़ के जुनैद और नासिर के थे। हरियाणा के कई गो–रक्षकों पर नासिर और जुनैद की हत्या का आरोप लगा था। मोनू मानेसर उर्फ मोहित यादव ही इनमें सबसे चर्चित नाम था।

गौरतलब है कि मोनू मानेसर बजरंग दल का सदस्य और गौरक्षक है। वह गुरुग्राम के मानेसर का निवासी है। बजरंग दल की गाय संरक्षण टास्क फोर्स इकाई और गोरक्षा दल के प्रमुख के रूप में भी मोनू मानेसर जाना



जाता है। मोनू मानेसर का नाम 31 जुलाई 2023 को हरियाणा के नूंह में हिंसा भड़काने के मामले में भी शामिल था। मोनू के साथ हिंसा के मुख्य आरोपी बिट्टू बजरंगी का एक भड़काऊ वीडियो सामने आया था।

### चित्रकूट जेल में बंद अतीक के शूटर के खिलाफ दाखिल होगी चार्जशीट, वांछित आबिद प्रधान, आसिफ मल्ली की तलाश हुई तेज

### कुख्यात फरहान के खिलाफ जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

इसके लिए पुलिस की ओर से तैयारी की जा रही है। वहीं मुकदमे में वांछित चल रहे आबिद प्रधान और आसिफ मल्ली समेत अन्य की तलाश तेज कर दी गई है। गिरफ्तारी के लिए उनके करीबियों के ठिकानों पर भी छापेमारी करते हुए सुराग जुटाए जा रहे हैं। तीनों माफिया अतीक के खास गुर्गे हैं।

### चित्रकूट जेल में बंद अतीक के शूटर के खिलाफ दाखिल होगी चार्जशीट, वांछित आबिद प्रधान, आसिफ मल्ली की तलाश हुई तेज

**प्रयागराज, जागरण संवाददाता।** चित्रकूट जेल में बंद कुख्यात अपराधी फरहान के खिलाफ जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी। इसके लिए पुलिस की ओर से तैयारी की जा रही है। वहीं, मुकदमे में वांछित चल रहे आबिद प्रधान और आसिफ मल्ली समेत अन्य की तलाश तेज कर दी गई है। गिरफ्तारी के लिए उनके करीबियों के ठिकानों पर भी छापेमारी करते हुए सुराग जुटाए जा रहे हैं। तीनों माफिया अतीक के खास गुर्गे हैं। फरहान के खिलाफ धूमनगंज और पूरामुफ्ती थाने में मुकदमे दर्ज हैं। धूमनगंज निवासी अशरफ सिद्दीकी का आरोप है कि वह अकेले झलवा होते हुए पैतृक गांव में अब्बा को देखने जा रहा था। तभी रास्ते में बच्चा मुंशी का बेटा आबिद प्रधान अपने भतीजे सहित अन्य लोगों के साथ आ गया। असलहा दिखाते हुए उसे गाड़ी से उतरवा लिया और गाली–गलौज करने लगे। आबिद ने कहा कि इतना पैसा कमा रहे हो, कुछ हम लोगों को भी दो। उसने जेल में बंद फरहान से बात कराई तो अशर-फ को गाली देते हुए कहा कि अगर 15 दिन में 50 लाख रुपये नहीं दिए तो पूरा परिवार जिंदा नहीं बचेगा।

### माफिया अतीक अहमद के कुत्तों को मिली पहचान, नगर निगम ने बनाया बिल्लाधारी; गोद

लेकर इन लोगों ने उठाई जिम्मेदारी अशरफ के हाथ–पैर जोड़ने पर किसी तरह उसे छोड़ा, लेकिन धमकाया कि किसी को कुछ बताने पर जिंदा नहीं छोड़ेंगे। इस घटना से परेशान पीड़ित ने अतीक के खास गुर्गे आबिद, उसके भतीजे जीशान, दानिश व फैजान, अबूबकर, कमर हारुन, जावेद और फरहान के खिलाफ मुकदमा कायम दर्ज कराया था। इसी तरह पूरामुफ्ती थाने में भी एक शख्स ने फरहान, अतीक से सबसे भरोसेमंद ड्राइवर आसिफ मल्ली समेत कई के खिलाफ रंगदारी, धमकी का मुकदमा लिखवाया था। बताया गया है कि पुलिस की ओर से मुकदमे की विवेचना करते हुए कई साक्ष्य संकलित किए गए हैं, जिसके आधार पर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

# हिमाचल में आई त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे केंद्रः प्रियंका

**कुल्लू, एजेंसी।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को कुल्लू में भारी बारिश के कारण आपदाग्रस्त स्थानों का दौरा किया और प्रभावितों से भेंट की। दोनों नेताओं ने कुल्लू के संगम ब्रिज तथा मनाली के आलू ग्राउंड सहित विभिन्न स्थानों का बारिश से हुए नुकसान का निरीक्षण किया। लोगों ने प्रियंका गांधी को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री सुक्खू और राज्य सरकार ने आपदा में उन्हें हर संभव मदद प्रदान की है। मनाली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोगों ने आपदा का मजबूती के साथ एकजुट होकर सामना किया है और राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, सभी मंत्री और कांग्रेस के विधायकों ने ग्राउंड जीरो पर रहकर लोगों की मदद की है।

उन्होंने कहा कि राज्य के लोग श्रमदान कर रहे हैं और बढ़–चढ़ कर आर्थिक मदद भी प्रदान कर रहे हैं। जिस भावना के साथ राज्य के सभी लोगों ने इस मुश्किल घड़ी का सामना किया है, वह पूरे देश के लिए मिसाल है। राज्य सरकार अपने संसाधनों से प्रभावित परिवारों की भरपूर मदद करने का प्रयास कर रही है, लेकिन केंद्र सरकार की मदद के बिना हिमाचल प्रदेश को फिर से पटरी पर लाना मुश्किल है, इसलिए केंद्र सरकार को इस त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना चाहिए और हिमाचल प्रदेश की खुलकर मदद करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को हिमाचल प्रदेश की मदद करते हुए यह नहीं देखना चाहिए कि राज्य में कांग्रेस की सरकार है या भाजपा की। प्रियंका गांधी ने कहा कि आपदा में बागबानों और किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है और केंद्र सरकार को उनके बारे में भी सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ बड़े उद्योगपतियों ने हिमाचल प्रदेश में सेब के दाम घटाए हैं, जिससे सेब बागबानों को घाटा हो रहा है। यही नहीं, केंद्र सरकार ने



वॉशिंगटन एप्पल पर इंपोर्ट ड्यूटी को भी कम कर दिया है, जिससे हिमाचल प्रदेश के सेब बागबानों को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि आपदा में पहले ही हिमाचल प्रदेश का नुकसान हुआ है, ऐसे में केंद्र सरकार को हिमाचल प्रदेश के बागवानों के हितों के बारे में सोचना चाहिए।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि जी–20 शिखर सम्मेलन में भी वह रात्रि भोज के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले और उनसे राज्य में बारिश से हुए नुकसान को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने आज स्वयं आपदा से हुए नुकसान को अपनी आंखों से देखा है और इससे पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी हिमाचल प्रदेश का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि 10 अगस्त, 2023 तक राज्य सरकार ने आपदा के कारण 8000 करोड़ रुपए के दावे केंद्र सरकार को भेजे हैं। उन्होंने कहा कि 10 अगस्त से 14 अगस्त के बीच भी बारिश के कारण प्रदेश में जानमाल को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि अब तक 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है तथा केंद्र सरकार को राज्य की खुल कर मदद करनी चाहिए। सीएम ने कहा कि प्रदेश में भारी बारिश के कारण घर क्षतिग्रस्त होने से जो लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं, उन्हें प्रदेश सरकार किराए पर आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाएगी। मकान का किराया प्रदेश सरकार वहन करेगी। इसके दृष्टिगत दो व तीन कमरों के सेट किराए पर लेने का प्रावधान किया जाएगा और सभी उपायुक्तों को इस बारे में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस अवसर पर कुल्लू फल उत्पादक एवं मंडल कटराई ने आपदा राहत कोष में 5 लाख रुपये तथा मनाली निवासी ऊषा राणा ने एक लाख रुपये के चेक मुख्यंमत्री को प्रदान किए।

इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के हिमाचल प्रभारी राजीव शुक्ला, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्षा प्रतिभा सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक भुवनेश्वर गौड़ और रवि ठाकुर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, उपायुक्त आशुतोष गर्ग सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एसएसएफ के हवाले होगी श्रीरामजन्मभूमि की सुरक्षा, पहली टीम पहुंची अयोध्या

**अयोध्या ,(एजेंसी)।** श्रीरामजन्मभूमि की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) की पहली टीम अयोध्या पहुंच गई है। एसएसएफ की तीन कंपनी में 280 जवान हैं। क्षेत्राधिकारी अयोध्या एसपी गौतम ने इनका स्वागत किया। एसपी गौतम ने बताया कि इन जवानों को दस दिनों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद तैनाती की जाएगी। पीएसी जवानों के साथ मिलकर यह बल श्रीरामजन्मभूमि के आंतरिक परिसर और उससे सटे बाहरी परिसर की सुरक्षा संभालेगा। अयोध्या को छह कंपनी एसएसएफ की मिलनी है। पहले चरण में तीन कंपनी मिल गई है।

श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा जनवरी 2024 में प्रस्तावित है। इसको लेकर ट्रस्ट अपनी तैयारी में जुटा है। पुलिस और प्रशासन मिल कर सुरक्षा तथा भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था में लगे हैं। प्राण प्रतिष्ठा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आना है। इससे पहले सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाया जा रहा है। बता दें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने चार सितंबर को पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्रतिमा 51 इंच लंबी होगी। इसमें प्रभु का बालरूप में दर्शन होगा।प्रतिमा खड़े बालक के रूप में गर्भगृह में बने चबूतरे के ऊपर कमल पर स्थापित की जाएगी।

प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात कर मकर संक्रांति से 26 जनवरी के बीच का दिन निश्चित किया जाएगा। रामलला के दर्शन एक साथ 25,000 लोग कर सकेंगे। शौचालय, बिजली, पानी, लाकर और बैठने की समुचित व्यवस्था के लिए तीर्थयात्री सेवा केंद्र व चिकित्सालय भी बनेगा।

# लद्दाख में दुनिया का सबसे ऊंचा एयरफील्ड बनाएगा भारत

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज जम्मू कश्मीर के दौरे पर हैं। यहां वे 2491 करोड़ की 90 परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। राजनाथ सिंह सांबा में 4229 मीटर लंबे देवक ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। यहीं से वे 89 प्रोजेक्ट्स का वीडियो कन्फ्रेंसिंग के जरिए शिलान्यास करेंगे। इनमें 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनने वाला न्योमा एयरफील्ड भी शामिल है। 218 करोड़ की लागत से बन रहे इस एयरफील्ड से फाइटर जेट उड़ान भर सकेंगे और उतर सकेंगे। खास बात ये है कि ये एयरफील्ड एलएसी से सिर्फ 50 किलोमीटर दूरी पर है।

एलएसी पूर्वी लद्दाख के रणनीतिक न्योमा बेल्ट में इस एयर फील्ड का निर्माण करेगी। यह दुनिया का सबसे ऊंचा एयरफील्ड होगा। इसके लिए 218 करोड़ रुपये अनुमानित लागत रखी गई है। यह रणनीतिक तौर पर काफी अहम माना जा रहा है। क्योंकि इसके बनने से रुष्ट के करीब तक फाइटर अपरेशन हो सकेंगे। इसके साथ ही यह लद्दाख में तीसरा फाइटर एयरबेस होगा। इससे पहले लेह और थोईस में एयरबेस हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सांबा से वीडियो कन्फ्रेंसिंग के जरिए इस एयर फील्ड की आधारशिला रखेंगे। अभी न्योमा एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड का इस्तेमाल 2020 से चीन के साथ चल रहे गतिरोध के दौरान जवानों और अन्य सामान को पहुंचाने के लिए किया जाता रहा है। यहां से चिनूक हेवी-लिफ्ट हेलिकप्टर और सी-130जे विमान भी उड़ान भरते और उतरते रहे हैं। अब यहां ऐसे एयरफील्ड का निर्माण किया जा रहा है, जहां लड़ाकू विमान भी उतर सकेंगे। इस एयरफील्ड के बनने के बाद लद्दाख में हवाई बुनियादी ढांचे को काफी बढ़ावा मिलेगा और हमारी उत्तरी सीमाओं पर वायुसेना की क्षमता में वृद्धि होगी। लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर निगरानी और सुरक्षा के लिए न्योमा एयरफील्ड काफी अहम माना जा रहा है। इस नए एयरबेस से लद्दाख में निगरानी बढ़ाने के लिए लड़ाकू विमान, नए रडार और उन्नत ड्रोन संचालित हो सकेंगे। इस एयरबेस को तैयार करना, लगातार आक्रामक होते रहे चीन के खिलाफ आक्रामक क्षमताओं को बढ़ाने की योजना का हिस्सा है।

## उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई चार सप्ताह के लिए स्थगित

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को छात्र कार्यकर्ता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दी, जिसे 2020 के दिल्ली दंगों के पीटे कथित साजिश के मामले में गैरकानूनी गतिविधियां गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था।न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने यह कहते हुए आदेश दिया कि अदालत को खालिद के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने के बाद रिकर्ड पर रखे गए सबूतों को देखना होगा। खालिद ने दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा जमानत देने से इनकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की पीठ ने पिछले साल 18 अक्टूबर को नियमित जमानत की मांग करने वाली खालिद की अपील खारिज कर दी थी।उन्होंने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसने उन्हें यूएपीए मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया था।नागरिकता संशोधन अधिनियम और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अमरावती में दिए गए उनके कथित आक्रामक भाषण दंगों के मामले में उनके खिलाफ आरोपों का आधार है।

## पूर्व सीबीआई प्रमुख, विशेषज्ञों ने स्थायी समिति को 3 आपराधिक न्याय विधेयकों पर प्रस्तुति दी

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व प्रमुख प्रवीण सिन्हा ने गृह मामलों की संसदीय स्थायी समिति के समक्ष तीन आपराधिक न्याय विधेयकों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि इन विधेयकों पर संसदीय स्थायी समिति की बैठक में पूर्व सीबीआई निदेशक ने पुराने कानूनों और नए विधेयकों में बदलाव का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया।.

सिन्हा के अलावा कानूनी कार्य विभाग की संयुक्त सचिव पद्मिनी सिंह और बीपीआरएंडडी अधिकारी अनुपमा नीलेकर चंद्रा ने भी अपने विचार रखे। सूत्र ने कहा कि बैठक के दौरान विशेषज्ञों ने तीन विधेयकों द्द भारतीय न्याय संहिता विधेयक, भारतीय नागरिक सुरक्षा विधेयक और भारतीय साक्ष्य विधेयक के माध्यम से आपराधिक न्याय कानून पर प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों ने कुछ मुद्दों को समझने के लिए विशेषज्ञों से सवाल पूटे।

भाजपा सांसद बृजलाल संसद की गृह मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष हैं। सोमवार को आयोजित समिति की बैठक में कांग्रेस सांसद पी चिदंबरम, रवनीत सिंह बिट्टू, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, भारतीय जनता पार्टी के राकेश सिन्हा, नीरज शेखर, सत्यपाल सिंह आदि मौजूद थे।संसदीय स्थायी समिति की मंगलवार और बुधवार को फिर बैठक होगी।

मंगलवार को विक्रम सिंह, पूर्व पुलिस महानिदेशक और केशव कुमार, पूर्व पुलिस महानिदेशक और निदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो गुजरात पहले भाग में बैठक में भाग लेंगे, जबकि प्रोफेसर नवीन चौधरी, राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान, विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात दूसरे भाग में बैठक में शामिल होंगे। बुधवार को डोमेन विशेषज्ञों का विवरण उचित समय पर सूचित किया जाएगा। पिछले महीने राज्यसभा सांसद बृजलाल की अध्यक्षता में स्थायी समिति ने तीन विधेयकों की जांच के लिए अपनी पहली बैठक की थी।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वेस्टइंडीज महिला टीम की घोषणा




सेंट जॉन्स, एंटीगुआ, क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) महिला चयन पैनल ने अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है।

छह मैचों की श्रृंखला में तीन टी20आई और तीन वनडे शामिल हैं।

सीजी यूनाइटेड वनडे सीरीज और गर्मियों की शुरुआत में सेंट लूसिया में टी20 सीरीज में आयरलैंड महिलाओं के खिलाफ वेस्टइंडीज महिलाओं के क्लीन स्वीप के बाद, पैनल ने कप्तान हेले मैथ्यूज के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए एक अपरिवर्तित टीम की घोषणा की है। सीडब्ल्यूआई ने एक बयान में कहा, यह दौरा नए मुख्य कोच शेन डिट्ज़ के लिए पहला दौरा होगा जो अगस्त के अंत में वेस्टइंडीज पहुंचे थे।

अशमिनी मुनिसर, जेनाबा जोसेफ, ज़ैदा जेम्स और जैनिलिया ग्लासगो की 'राइजिंग स्टार्स' चौकड़ी के शामिल होने से टीम में हमारी कुछ सबसे युवा प्रतिभाओं को मौजूदा टी20ई और 50-ओवर विश्व चैंपियंस ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने कौशल का परीक्षण करने का पहला मौका मिलेगा।

महिला क्रिकेट के लिए मुख्य चयनकर्ता एन ब्राउन-जॉन ने कहा, चयन पैनल ने उन अधिकांश खिलाड़ियों को बनाए रखने के लिए चुना है जो आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में विजयी रहे थे। राइजिंग स्टार्स महिला अंडर 19 टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद जेनेलिया ग्लासगो को शामिल किया गया है। 15 सदस्यीय टीम में और हम करिश्मा रामहरैक की वापसी देख रहे हैं।

ब्राउन-जॉन ने कहा, हमारा मानना है कि यह टीम ऐसी है जिसका निर्माण और विकास जारी रहेगा क्योंकि हमारा खेल महिला क्रिकेट के तेजी से बढ़ते परिदृश्य और उच्च प्रदर्शन सेटिंग में विकसित हो रहा है। हमने कुछ विकासशील खिलाड़ियों पर भरोसा करना जारी रखा है। कई मैसी कैरेबियन प्रीमियर लीग में कई खिलाड़ी खिताब जीतने वाले प्रदर्शन कर रहे हैं, इसलिए हम उम्मीद कर रहे हैं कि वे अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखेंगे। हमारा मानना है कि यह एक ऐसी टीम है जो इसके मार्गदर्शन में ऑस्ट्रेलिया जैसी शीर्ष टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का निर्माण कर सकती है। नए मुख्य कोच और कप्तान हेले मैथ्यूज के नेतृत्व में, जो अब तक बहुत ही उपयोगी 2023 का आनंद ले रहे हैं।

न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और आयरलैंड के साथ खेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022-2025 में वेस्टइंडीज की चौथी श्रृंखला है। प्रत्येक मैच वेस्ट इंडीज को चैम्पियनशिप तालिका पर चढने् के लिए मूल्यवान अंक जीतने का अवसर प्रदान करता है, जहां वे वर्तमान में दस टीमों में से 9वें स्थान पर हैं (तालिका यहां देखें)। ऑस्ट्रेलिया सीरीज़ के बाद, वेस्ट इंडीज़ महिलाओं को अगले दो वर्षों में तीन मैचों की चार और वनडे सीरीज़ खेलनी हैं।

चक्र के अंत में, आईसीसी महिला चैम्पियनशिप में शीर्ष पांच टीमें और मेजबान भारत के साथ-साथ 2025 में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए स्थान बुक करेंगी। बाकी टीमों को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर से गुजरना होगा।

पूरी टीमः हेले मैथ्यूज (कप्तान), शेमाइन कैंपबेल (उप-कप्तान), आलिया एलेने, शमिलिया कॉनेल, एफी फ्लेचर, चेरी एन फ्रेजर, शबिका गजनबी, जैनिलिया ग्लासगो, चिनेले हेनरी, ज़ैदा जेम्स, जेनाबा जोसेफ, अश्मिनी मुनिसर, करिश्मा रामहरैक, स्टैफनी टेलर, राशदा विलियम्स

# एशिया कपः पाकिस्तान ने घायल हारिस और नसीम के लिए बैकअप मांगा



कोलंबो, पाकिस्तान ने सोमवार को भारत के खिलाफ एशिया कप के सुपर फोर स्टेज मैच में चोट लगने के बाद तेज गेंदबाज शाहनवाज दहानी और जमान खान को हारिस रऊफ और नसीम शाह के बैकअप के रूप में बुलाया है।

. सोमवार को भारत के हाथों पाकिस्तान की 228 रन की हार के दौरान नसीम और रऊफ को चोट लग गई थी और गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ सुपर फोर चरण के अंतिम मैच तक उनके ठीक होने की कोई निश्चितता नहीं है। अगले महीने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से पहले खिलाड़ियों की फिटनेस और भलाई को ध्यान में रखते हुए यह केवल एक एहतियाती कदम है।

हारिस और नसीम टीम के मेडिकल पैनल की निगरानी में बने रहेंगे। टीम प्रबंधन एसीसी तकनीकी समिति से प्रतिस्थापन का अनुरोध तभी करेगा जब नसीम या हारिस अगले सात दिनों के लिए बाहर हो जाएं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा, यह अगले महीने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से पहले खिलाड़ियों की फिटनेस और भलाई को ध्यान में रखते हुए एक एहतियाती कदम है और दोनों टीम के मेडिकल पैनल की निगरानी में रहेंगे। एक बयान में कहा.

टीम प्रबंधन एसीसी तकनीकी समिति से प्रतिस्थापन का अनुरोध तभी करेगा जब हारिस या नसीम को अगले सात दिनों के लिए बाहर कर दिया जाएगा। भारत से पाकिस्तान की भारी हार के कारण बाबर आजम की टीम मौजूदा सुपर फोर तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गई, जिसका मतलब है कि इस साल के फाइनल में जगह बनाने के लिए श्रीलंका के खिलाफ उस मैच में जीत की आवश्यकता होगी। दहानी ने अपने देश के लिए दो एकदिवसीय मैच और कुल 11 टी20ई प्रतियोगिताएं खेली हैं, जबकि 22 वर्षीय ज़मर ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पाकिस्तान के लिए सिर्फ छह बार प्रदर्शन किया है और कभी भी अंतरराष्ट्रीय वनडे में कोई एक्शन नहीं देखा है।

# वनडे में 10 हजार रन बनाने वाले छठे भारतीय बने रोहित शर्मा, सचिन–विराट के क्लब में हुए शामिल



कोलंबो , भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने नाम एक और ऐतिहासिक रिकॉर्ड दर्ज किया है। वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 वनडे इंटरनेशनल रन बनाने वाले दुनिया के दूसरे सबसे तेज और छठे भारतीय बन गए हैं।

एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर श्रीलंका के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। श्रीलंका के खिलाफ जैसे ही रोहित शर्मा ने 22 रन पूरे किए वो वनडे क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले कुल 15वें बल्लेबाज बन गए। वह सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली के बाद इस मुकाम तक पहुंचने वाले तीसरे भारतीय सलामी बल्लेबाज भी हैं।

यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत के बाद भारत की नजरें सुपर 4 स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान पर हैं। शर्मा श्रीलंका के खिलाफ अपना 50वां वनडे खेल रहे हैं। 2007 में आयरलैंड के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू करते हुए रोहित के नाम 30 शतक, 50 अर्धशतक और 2 दोहरे शतक दर्ज हैं।

सबसे तेज 10,000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज (पारी के हिसाब से)

विराट कोहली (भारत) 205 पारी
रोहित शर्मा (भारत) 241 पारी
सचिन तेंदुलकर 259 पारी
सौरव गांगुली 263 पारी
रिकी पोंटिंग 266 पारी

# महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अभियान के शुरुआती मुकाबले में भारत का सामना थाईलैंड से होगा

रांची, एशियाई हॉकी महासंघ और हॉकी इंडिया ने मंगलवार को झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची-2023 के लिए शेड्यूल की घोषणा की।

टूर्नामेंट की शुरुआत 27 अक्टूबर को मलेशिया और जापान के पहले मैच से होगी। जबकि मेजबान भारत दिन का तीसरा मैच खेलेगा, जब उनका मुकाबला झारखंड के रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में थाईलैंड से होगा।

झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची-2023 में कोरिया, मलेशिया, थाईलैंड, जापान, चीन और भारत ट्रॉफी जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। छह टीमों का टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से शुरू होगा और 5 नवंबर को समाप्त होगा।

सभी टीमें एक ही पूल का हिस्सा हैं और शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जहां तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी और दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी।

डिफेंडिंग चैंपियन जापान को टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे शानदार टीम कोरिया से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिसने 2010, 2011 और 2016 में टूर्नामेंट के छह में से तीन संस्करण जीते हैं।



मेजबान भारत अच्छी फॉर्म में है। विशेष रूप से बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक कांस्य और एफआईएच हॉकी महिला राष्ट्र कप स्पेन 2022 में खिताबी जीत के बाद।मेजबान टीम ने 2016 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती है और 2018 में उपविजेता रही। टीम 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और 2 नवंबर को ग्रुप चरण के आखिरी मैच में कोरिया से भिड़ेगी।एशियाई हॉकी महासंघ के अध्यक्ष ने कहा, यह एशियाई हॉकी समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और हम प्रतिष्ठित महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शीर्ष स्तर की हॉकी प्रतियोगिता देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मैं इस आयोजन की मेजबानी के लिए और एशिया में हॉकी के विकास के लिए उनके अटूट समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया की हार्दिक सराहना करना चाहता हूं।

## फिल्मी दुनियां

# 200 करोड़ क्लब में शामिल हुई जवान, जल्द 100 करोड़ी होगी ड्रीम गर्ल 2

सिनेमाघरों में इन दिनों शाहरुख खान की फिल्म जवान का जलवा देखने को मिल रहा है। फिल्म ने रिलीज के बाद ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है।फिल्म तीन दिन में ही 200 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है और इसकी कमाई का असर बाकी फिल्मों पर भी देखने को मिल रहा है।हालांकि, वीकेंड पर गदर 2 और ड्रीम गर्ल 2 की कमाई में थोड़ी बढ़त देखने को मिली है।

एटली के निर्देशन में बनी फिल्म जवान पहले दिन 75 करोड़ रुपये के साथ शुरुआत करके अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। अब वीकेंड पर भी इसका शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने शनिवार को 74.5 करोड़ रुपये कमाए हैं, जिसमें से 66 करोड़ रुपये का कलेक्शन हिंदी भाषा में हुआ है।ऐसे में अब फिल्म की तीन दिन की कमाई 202.73 करोड़ रुपये हो गई है।




जवान भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ही नहीं दुनियाभर में भी पहले दिन से ही शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने पहले दिन 129.6 करोड़ रुपये के साथ हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी ओपनिंग की थी।

अब तीन दिन में यह दुनियाभर में 350 करोड़ रुपये का आंकड़ा भी पार करने में सफल हो गई है।इस फिल्म में शाहरुख के साथ नयनतारा नजर आई हैं। इनके अलावा विजय सेतुपति, सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर सहित कई सितारे शामिल हैं।सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 भी रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने अपनी रिलीज के 30वें दिन 1.45 करोड़ रुपये कमाए हैं और अब इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 512.35 करोड़ रुपये हो गया है।

### ब्रह्मास्त्र को एक साल पूरे होने पर बोले अयान मुखर्जी, दूसरे और तीसरे पार्ट पर चल रहा काम

फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 : शिवा को हिंदी सिनेमा में एक साल पूरा हो गया है, फिल्म निर्माता अयान मुखर्जी ने फेंचाइजी के बंद होने की सभी अफवाहों को खारिज कर दिया और कहा कि ब्रह्मास्त्र की दूसरे और तीसरे पार्ट पर काम चल रहा है।

ऐसी अफवाहें चल रही है कि अयान के ड्रीम प्रोजेक्ट के पार्ट दो और तीन को लेकर काम बंद कर दिया है।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सीन्स वाला एक वीडियो साझा किया और लिखाः 9 सितंबर 2022 को हमने आपको अस्त्रा की दुनिया से परिचित कराया। ब्रह्मास्त्र को पूरे 1 साल हो गए हैं। ब्रह्मास्त्र के पार्ट दो और तीन पर काम प्रगति पर है।

फिल्म निर्माता ने पोस्ट को कैप्शन दिया, पहला जन्मदिन मुबारक हो, ब्रह्मास्त्र! आपकी सारी क्रिएटिविटी, कड़ी मेहनत और फिल्म निर्माण और जीवन में सभी सबक के लिए धन्यवाद! ब्रह्मास्त्र जर्नी के अगले स्टेज की कुछ शुरुआती आर्टवर्क थोड़ी देर में शेयर करूंगा...! ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 : शिव 2022 में रिलीज हुई थी। इसमें रणबीर कपूर और आलिया भट्ट हैं। साथ ही अमिताभ बच्चन भी नजर आए थे।

# बॉलीवुड को एल्विश यादव जैसे हीरो की जरूरत है : उर्वशी रौतेला

एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला और बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव हम तो दीवाने नामक एक नया म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। एल्विश के साथ काम करने को लेकर उर्वशी काफी खुश हैं और उन्होंने कहा कि बॉलीवुड को उनके जैसे और हीरो की जरूरत है।उन्होंने कहा, एल्विश यादव ने हम तो दीवाने में वास्तव में शानदार काम किया है, जिससे हर कोई हैरान रह गया। मुझे लगता है कि बॉलीवुड को एल्विश जैसे हीरो की सख्त जरूरत है।




उन्होंने कहा, पूरी शूटिंग के दौरान, मेरा ध्यान केवल उन्हीं पर था, क्योंकि मेरा मानना है कि जब हीरो बेस्ट परफॉर्म करता है, तो ऑनस्क्रीन जोड़ी के रूप में हम बेस्ट दिखते हैं। दर्शक हमें अपना प्यार और आशीर्वाद प्रदान करें।गाना का एक पोस्टर सामने आया है, जिसमें उनका अलग लुक नजर आ रहा है। उर्वशी वाइब्रेंट रेड अनारकली सूट में बहुत खूबसूरत लग रही हैं।

# 22 साल की उम्र में नहीं थम रहीं पलक तिवारी की हॉटनेस

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की जूनियर पलक तिवारी आए दिन अपनी खूबसूरती के कारण फैंस के बीच छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हालांकि फैंस उनकी हर एक पोस्ट को देखकर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। बॉलीवुड फिल्म किसी का भाई किसी की जान से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली पलक तिवारी का नाम इंडस्ट्री



की पॉपुलर अभिनेत्रियों में शामिल हो चुका है। बॉलीवुड फिल्म किसी का भाई किसी की जान से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली पलक तिवारी का नाम इंडस्ट्री की पॉपुलर अभिनेत्रियों में शामिल हो चुका है। पलक अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपनी बोल्ड और स्टनिंग फैशन सेंस के कारण चर्चाओं में रहती हैं। महज 22 साल की उम्र में पलक तिवारी ने अपने नाम एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी सिजलिंग अदाओं को देखकर आहें भरने लगते हैं। लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों में आप देख सकते हैं पलक तिवरी ने नाइट सूट पहन कर फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उन्होंने पिंक कलर का नाइट ड्रेस पहना हुआ है,

# प्रभास भगवान राम के बाद अब निभाएंगे महादेव का किरदार, फिल्म कन्नप्पा में हुए शामिल

दक्षिण भारतीय सिनेमा के अभिनेता प्रभास इन दिनों अपनी फिल्मों की तैयारी में जुटे हुए हैं।एक ओर अभिनेता की फिल्म सालार की रिलीज तारीख में बदलाव हो गया है तो प्रशंसकों को कल्कि 2898 एडी का भी इंतजार है।इस सबके बीच अब अभिनेता के हाथ एक और फिल्म लगी है, जिसमें वह भगवान शिव का किरदार निभाने वाले हैं। ऐसे में अब प्रभास पर्दे पर भगवान राम के बाद भगवान शिव की भूमिका में नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रभास विष्णु मांचू के साथ फिल्म कन्नप्पा में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसकी पुष्टि भी मांचू ने ट्वीट करके कर दी है।दरअसल, प्रभास के फिल्म में अहम भूमिका निभाने की बात सामने आ रही थी और कहा जा रहा था कि वह भगवान शिव का किरदार निभाएंगे।अब मांचू ने इस खबर



वाले एक ट्वीट पर हर हर महादेव लिखा है, जिसके बाद प्रभास से प्रशंसक काफी उत्सुक हो गए हैं। प्रभास और मांचू फिल्म कन्नप्पा से पहले भी साथ में काम कर चुके हैं। दरअसल, प्रभास ने मांचू की 2012 में आई फिल्म डेनिकैना रेडी के लिए वॉयस कैमियो किया था, जो 1999 की मलयालम फिल्म उदयपुरम सुल्तान की रीमेक थी। फिल्म कन्नप्पा के लिए हाल ही में पूजा की गई थी।

कहा जा रहा है कि इसमें प्रभास के साथ नुपुर सैनन नजर आएंगी।यह फिल्म भक्त कन्नप्पा के जीवन पर आधारित होगी, जो भगवान शिव के भक्त थे। अब जल्द ही इसकी शूटिंग भी शुरू होगी।मुकेश सिंह की इस फिल्म को पारुचुरी गोपालकृष्ण, बुर्रा साई माधव और थोटा प्रसाद ने लिखा है।इस फिल्म का निर्माण एवा एंटरटेनमेंट और 24 फ्रेम्स फैक्ट्री के बैनर तले किया गया है। प्रभास भगवान शिव से पहले बड़े पर्दे पर इस साल आई फिल्म आदिपुरुष में भगवान राम के किरदार में नजर आ चुके हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com